अंत में मैं यह कहना चाहती हूं कि भारत सरकार का प्रत्येक मंत्रालय आज पूरी सजगता एवं क्षमता से कार्य कर रहा है। इस वर्ष के बजट एवं रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की अनुदानों की मांगों के कारण देश में आम आदमी का जीवन जरूर बेहतर होगा और हमारे देश की प्रगति में सहायक सिद्ध होगा।

*__SHRI PRASANNA KUMAR PATASANI (BHUBANESWAR):__ The green revolution is essentially a seed-fertilizer-water technology. It has contributed to achieving foodgrain self-sufficiency in India and has helped to end hunger to a large extent. It has also given the demand for fertilizers as huge boost. It is estimated that the use of fertilizers helps to increase crop yield in India by as much as 50 percent. Little surprise then, the people are ready to invest in this industry for expanding existing capacities as well as for setting up new units.

The fertilizer industry has been in the doldrums since early 1990s mainly because of the absence of a pragmatic government policy. Realizing this, fertilizer sector reforms were initiated in 2008-09. However, these reforms can be effective only when uncertainties over the availability of feedstock are removed.

Following the depreciation in the rupee last year, many fertilizer companies are cutting down costs, delaying ongoing shipments, and negotiating hard for discounts from overseas suppliers.

In India, there is a huge gap between demand and supply of fertilizers. While supply and pricing of urea are completely regulated, two other major fertilizers - di-ammonium phosphate(DAP) and muriate of potash are deregulated. The Government imports and allocates the supply of urea to fertilizer companies. MoP is completely imported, and 70 percent of the demand for DAP is met by imports.

Given the scenario, the Government adopts a floating market price (MRP) and fixed subsidy for DAP and MoP and a fixed MRP and floating subsidy for urea.

If fertilizers is applicable to lands only there are ample scope for fertile lands in my state. By utilising these fertilizers we are losing the fertile lands. The land is fertile by birth. From the primitive days onwards the farmers are using in their lands cowdungs and the farmers were getting fruitful fruit. The organic food was organising good health and mind. But application of fertilizers the land loses fertility and the fruit bearing trees offer us poison. Every day we are habituated of eating the poison only. In the present day whatever eat and drink is covered with pesticides. Whatever medicine we eat is full of chemical mixture. Any medicine you eat can create another disease. The body is perished. This disorderliness is silently operating through this chemical mixture. The mind and body is losing the harmony. Everyday using medicine one disease is cured and another disease may appear to kill the human being because of the chemical mixture. It also happened that every allopathic medicine is creating side-effects. People are now preferring organic food with herbal medicine to maintain the sound health. Therefore, organic seeds to be planted which goes deep into the soil. But the people are demanding to earn easy money to use their land by using fertilizers.

What is the condition of fertilizers. There are also fertilizers private company or the Government one, organized or disorganized is creating havoc in killing the human being through foods only. What about fertilizer factories ever set up by the Government in Paradeep . Once upon the time I was the founder President of Fertilizer Trade Union of Paradeep and I was fighting for the safety of labourers all through and presently this same factory and its operational value is failed at times. Could the Central Government pay special attention to enhance and sanction good sum of amounts or grants to promote these government industries. The shortage of fertilizers may serve fully the farmers. And what happened to the fertilizer industry of Talcher in Dhenkanal district of Odisha. It is also highly neglected by the Central Government. And the Rourkela fertilizer factory would be fully operational to provide more fertilizers as per demand of the day. I like to draw the kind attention of the Central Government for more allocation to our state to materialize the same.

Hindustan Organic Chemical Limited was incorporated on 12th December, 1960 with the objective of setting up manufacturing capacities for chemicals/intermediates which are required for production of dyes, dye-intermediates, rubber chemicals, pesticides etc. HOCL is the only manufacturer of liquid rocket propellant N204 in the country supply to ISRO.

As urea factories shut, import slows down and distribution goes awry, the Modi Government could find itself at the receiving end of farmers' ire.

*डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : मैं अहमदाबाद पश्चिम संसदीय क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करता हूं । जहां फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज का महत्व है । अहमदाबाद तथा गुजरात में दवाईयों के उत्पादन की बड़ी-बड़ी फार्मा इंडस्ट्रीज है । मुझे इस बात का भी गर्व है कि हमारा देश पूरी दुनिया के देशों को दवाईयां मुहैया करवाता है । इन देशों में अमेरिका, यूरोप के देशों, आस्ट्रेलिया, रूस, चाईना तथा अफ्रिकन देशों को दवाईयां उपलब्ध करवाता है ।

मेरी प्रार्थना है कि हमारे यहां दवाईयां बहुत मंहगी पड़ती है और जहां तक मल्टी नेशनल दवाईयों का सवाल है उनकी दवाईयां 200औ से 300औ से ज्यादा भाव में लोगों को खरीदना पड़ता है । जहां तक लाईफ सेविंग दवाईयां हैं वे और भी महंगी मिलती है । जहां तक एंटीबायोटिक्स, कैंसर, डायबटिस हृदय रोग की दवाईयां है, वे महंगी होते हुए आम आदमी के लिए करीब होती है और उन दवाईयों को खरीदने पर उनका बहुत पैसा बर्बाद होता है ।

हमारी सरकार गरीबों के प्रति संवेदनशील सरकार है तथा हमने चुनाव के वक्त अपने घोषणा पत्र में गरीब और आम आदमी को किफायती दवाईयां उपलब्ध कराने का वायदा भी किया था । अतः मेरा आपसे निवेदन है कि उन जीवनरक्षक दवाईयों को उन लोगों को सस्ते दाम पर मुहैया कराना चाहिए । अगर हम जेनरिक दवाईयां उपलब्ध करवाते हैं तो उनको अच्छी गुणवत्ता एवं बहुत ही सस्त दाम पर दवाईयां मिल सकती है ।

जहां तक मेरी जानकारी है करीबन 337 दवाईयां जीवनरक्षक दवाईयां है । उनमें से करीबन 46 कैंसर के लिए है, 22 से ज्यादा डायबटिस के लिए हैं, 19 दवाईयां एड्स एवं एचआईवी के लिए है और करीबन 84 दवाईयां कार्डियेक तथा रेस्पीरेटरी दर्दों के लिए है । मेरी आपसे पुनः प्रार्थना है कि उन सभी दवाइयों को आम आदमी के लिए उचित मूल्य पर उपलब्ध करवाना चाहिए । फार्मा इंडस्ट्रीज में भारत के प्रभाव को देखते हुए उनमें रिसर्च एवं एनालीसिस (आर एंड डी) पर हमें बल देना चाहिए जिससे नए-नए मोलेक्यूल का आविष्कार हो सके । हमें फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री को बढ़ावा देना चाहिए । तीसरे, पूरी दुनिया में इस क्षेत्र में भारत का नाम हो सके ।

जहां तक उर्वरक का सवाल है हमारा कृषि प्रधान देश है । हमारे किसान बहुत मेहनत करते हैं और कृषि तथा अन्न का उत्पादन करता है । मगर दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि किसान को फर्टिलाइजर हम मुहैया नहीं करवा पाते हैं । किसान को बाजार में से काले दाम पर खरीदना पड़ता है । मैं हमारे मंत्री जी का अभिनंदन करता हूं कि हमारी सरकार आने के बाद यूरिया एवं अन्य उर्वरक किसानों को उपलब्ध कराया है और वह भी सस्ते दाम पर । हमारी सरकार द्वारा फर्टिलाइजर के कई कारखाने जो बंद पड़े थे उनको भी शुरू करने का प्रयत्न किया गया है ।

मेरा आपसे अनुरोध है कि किसानों को सस्ते मूल्य पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध हो ।

*श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा): मैं रसायन एवं उर्वरक अनुदान की मांग पर अपने विचार प्रकट करना चाहती हूं। रसायन उद्योग बढ़ते भारतीय उद्योग का एक अभिन्न अंग है।

भारत सरकार देश में रासायनिक उर्वरकों की खपत तथा उपलब्धता को बढ़ाने तथा उसके द्वारा देश में अधिकतम कृषि उत्पादन हेतु अनुकूल नीतियों का अनुसरण कर रही है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सरकार उर्वरक क्षेत्र में उद्योगों को बढ़ावा देती है तथा उनकी सहायता करती है और पूरे देश में उर्वरकों के वितरण तथा आयात की योजना बनाती है। कच्चे माल की समस्याओं के कारण देश केवल यूरिया के उत्पादन के मामले में ही आत्मनिर्भर हो सकता है। फॉसफेटयुक्त उर्वरकों के स्वदेशी उत्पादन के लिए देश कच्चे माल/मध्यवर्तियों की बड़ी मात्रा आयात पर निर्भर है, लेकिन पोटाश के लिए यह पूरी तरह से आयात पर ही निर्भर है।

7 जनवरी, 2015 की अधिसूचना के द्वारा उर्वरक विभाग ने नीम लेपित यूरिया के उत्पादन की सीमा/प्रतिबंध हटाने का अनुमोदन किया है। अतः यूरिया के स्वदेशी उत्पादों को राजसहायता प्राप्त यूरिया के उनके अधिकतम कुल उत्पादन तक नीम लेपित यूरिया के उत्पादन की अनुमति ही दी गई है। भविष्य के लिए नीम लोपित यूरिया पर कंपनियों द्वारा वसूल की जाने वाली 5 प्रतिशत अतिरिक्त एम.आर.पी. का यूरिया की मौजूदा एम.आर.पी. अर्थात् 5360/- रूपए प्रति टन की 5 प्रतिशत सीमा तक ही सीमित किया जाए। पी.सी.पी.आई.आर. के तहत चार पी.सी.पी.आई.आर. में लगभग 33.96 लाख लोगों के लिए रोज़गार सृजित होने की संभावना है। 31.12.2014 की स्थिति के अनुसार पी.सी.पी.आई.आर. से संबंधित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष गतिविधियों के फलस्वरूप 2.23 लाख व्यक्तियों को रोज़गार प्राप्त हुआ है।

समूचे देश में सभी पंजीकृत उर्वरक विनिर्माताओं (116) थोक विक्रेताओं (22,000) एवं खुदरा विक्रेताओं (1.90 लाख) के जरिए लागू किया जा रहा है। तदनुसार राजसहायता का एक भाग (5.15 प्रतिशत जो उर्वरक ग्रेड पर निर्भर है) विनिर्माताओं को केवल तभी दिया जाता है जब खुदरा विक्रेता मोबाइल उर्वरक प्रबंधन (एम.एफ.एम.एस.) में प्राप्ति की सूचना देते हैं। विभाग द्वारा उत्पादक की राजसहायता के एक भाग को खुदरा विक्रेता की पावती से जोड़कर खुदरा पावती को सुनिश्चित किया गया है और अपनी आपूर्ति शृंखला में डीलरों को प्रशिक्षित करने तथा खुदरा पावती सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उद्योग को दी गई है। अधिक मात्रा में सूचना प्राप्ति के लिए राज्य सरकारों को भी उनकी सहायता के लिए इस कार्य में शामिल किया गया है। यह चरण स्थिरता की तरफ बढ़ रहा है, यह अभिनंदनीय है।

केंद्र सरकार ने यूरिया के तहत किसानों के बैंक खाते में डी.बी.आई. स्कीम के तहत सब्सिडी का भुगतान करने का निर्णय लिया है, जो सराहनीय है। किसानों को 2017 तक सॉयल हैल्थ कार्ड देने का निर्णय लिया गया है, उसके तहत केंद्र सरकार को धन्यवाद देती हूं। किसानों को अपने गांव में ही कृषि के तहत टेस्ट परीक्षण के लिए मोबाईल लेबोरेटरी की नीति बनाई है, वह भी सराहनीय है। केंद्र सरकार प्लास्टिक पार्क बनाने जा रही है और इससे 47,000 व्यक्तियों को रोज़गार मिलने वाला है, उनके लिए भी मैं सरकार को धन्यवाद देती हूँ। राजसहायता प्राप्त उर्वरकों के संचालन की निगरानी एक ऑनलाइन वेब आधारित निगरानी प्रणाली द्वारा जिसे उर्वरक निगरानी प्रणाली (एफ.एम.एस.) भी कहा जाता है, देश भर में की जा रही है।

इसके साथ ही उर्वरक कंपनियों ने किसानों के लिए एक टोल फ्री नंबर आरंभ किया है, जिससे वह लाभ उठा सकते हैं। यह सराहनीय है। मैं इसकी सराहना करती हूँ। हमारी सरकार ने अगले 5 सालों में यूरिया प्रोडक्शन में आत्मनिर्भर होने का लक्ष्य रखा है, जिसके अंतर्गत 6 फर्टीलाईजर प्लांट्स को रिवाइव किया जाएगा। इसके बाद चीन की तरह अगले 10 साल में हम भी इसका एक्सपोर्ट करने

लगेंगे।

इस पर मेरे सुझाव निम्न प्रकार है- (1) परिणामी बजट प्रस्तावों की सख्त निगरानी विभाग के स्तर पर की जा रही है। समिति में क्षेत्र के एम.पी. को भी जोड़ना चाहिए। (2) उद्योग के सैक्टरों के चतुर्दिक विकास के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी का माहौल बनाना चाहिए। (3) देश के कई भागों में यूरिया का उपयोग कैमिकल बनाने में तथा कृत्रिम दूध बनाने में भी इस्तेमाल किया जाता है। उस पर कड़ी निगरानी रखी जाए। (4) बिचौलियों और कालाबाज़ारी करने वाले और मुनाफा कमाने वाले व्यक्तियों पर निगरानी रखी जाए तथा उन पर कानूनी कार्यवाही की जाए (5) सभी कॉपरेटिव सोसाइटियों की यूरिया और अन्य रासायनिक खाद का आवंटन पारदर्शी हो और जरूरतमंद किसानों को ही मिले। इसके तहत स्पेशियल कार्ड बनाया जाए और इसमें नोट किया जाए और अधिकारी सरकारी अफसरें द्वारा बारी-बारी उसकी इंक्वायरी की जाए। (6) सरकार ने नई यूरिया नीति बनाने का जो सोचा है, वह मानूसन से पहले बनाई जाए, जिससे पारदर्शी प्रक्रिया से किसानों की समस्या को निपटाया जा सके। (7) जहाँ पर कॉपरेटिव सोसाइटियाँ नहीं है, वहाँ पर पंचायतों द्वारा सीधा ही किसानों को यूरिया तथा रासायनिक खाद पूरी मात्रा में मिले इसकी एजेंसियाँ दी जानी चाहिए। (8) गुजरात सरकार पिछले 10 सालों से माननीय प्रधानमंत्री जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब से जो कृषि महोत्सव प्रारंभ किया था, उसके अच्छे परिणाम मिले हैं। ऐसी प्रक्रिया सभी

राज्यों में की जाए, ऐसा प्रावधान होना चाहिए। जिससे वहां किसानों को कृषि विकास और समस्याओं के तहत पूरी जानकारी मिल सके। तथा (9) यूरिया के बढ़ते अनुचित प्रयोग के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं से किसानों में जागरूकता लाई जाए। जिससे कि ग्रीन हाउस से उत्सर्जन को बढ़ावा मिले तथा कृषि यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट के माध्यम से यह काम किए जाएं।

माननीय मंत्री जी जो अनुपूरक मांगें लेकर आए हैं, उसकी मैं सराहना करती हूं।

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : सभापति महोदय, मैं कैमिकल और फर्टिलाइजर्स मिनिस्ट्री की डिमान्ड्स पर अपनी पार्टी शिरोमणि अकाली दल की तरफ से कुछ शब्द कहने के लिए खड़ा हुआ हूं।

मैं सबसे पहले मोदी सरकार को बधाई देना चाहता हूं और खास तौर से केमिकल और फर्टिलाइजर मिनिस्टर श्री अनंत कुमार एनरजेटिकली पहली बार सोचा है कि देश में फर्टिलाइजर की डिमाण्ड बढ़ रही है, लेकिन सप्लाई बहुत कम थी। यह सच है कि दुनिया में सबसे ज्यादा खपत चीन के बाद हमारे देश में ही होती है। इसके बावजूद फर्टिलाइजर प्रोडक्शन्स यूनिट बंद पड़े हुए थे। पहली बार इस सरकार ने इनको रिवाइव करने के बारे में सोचा है, इसके लिए मैं बधाई देना चाहता हूं। मैं समझता हूं कि आज 26.5 मिलियन टन की जो जरूरत है, यह कहा जा रहा है कि वर्ष 2020 तक 4105 मिलियन टन तक पहुंच जाएगी। इसको पूरा करने के लिए सरकार ने 'मेक इन इंडिया' का नारा दिया है उसके लिए फर्टिलाइजर मिनिस्टरी में भी काम करने की जरूरत है। मैं समझता हूं कि सबसे ज्यादा पंजाब में फर्टिलाइजर कन्ज्यूम किया जाता है और हरित क्रांति के बाद पंजाब में इसकी डिमांड ज्यादा बढ़ी है। आज जहां देश में दो बैग यूरिया के डाले जाते हैं, पंजाब में चार बैग एक एकड़ खेती में डाले जाते हैं। डीएपी का अगर एक बैग डाला जाता है तो पंजाब में दो बैग डाले जाते हैं। वहां यूरिया के प्रोडक्शन के लिए एनएलएफ के यूनिट्स लगे हैं, उनकी कैपेसिटी के मुताबिक वे अंडर कैपेसिटी चल रहे हैं। मैंने पहले भी माननीय मंत्री जी को कहा था, मंत्री जी ने हाउस में भी भरोसा दिया था कि मेरे संसदीय क्षेत्र नांगल में एनएफएल का फर्टिलाइजर का कारखाना है जहां पहले आठ हजार मिलियन टन फर्टिलाइजर की पैदावार होती थी और चार हजार के करीब मुलाजिम काम करते थे, लेकिन आज वहां पांच हजार मिलियन टन की पैदावार होती है और पिछले साल

फरवरी में ही बंद कर दिया गया। इस वर्ष उसे दिसम्बर में ही बंद कर दिया गया। मैं माननीय मंत्री जी को आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि वहां पूरा इफ्रास्ट्रक्चर है, बिल्डिंग है और सप्लाई की पूरी व्यवस्था है। वहां जमीन अधिग्रहण करने की भी जरूरत नहीं है केवल मशीनरी की जरूरत है और 12 लाख मिलियन टन नांगल के एनएफएल यूनिट की कैपेसिटी बढ़ाई जाए तो ज्यादा खर्चा भी नहीं होगा और पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेशों की जरूरत पूरी हो सकेगी। हम आज जितना यूरिया इम्पोर्ट कर रहे हैं उसमें से आठ लाख मिलियन टन केवल पंजाब कन्जयूम करता है। यदि एनएफएल यूनिट नांगल की कैपेसिटी बढ़ाई जाए तो इससे लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। पंजाब एक ऐसा प्रदेश है, जो बार्डर की स्टेट है और वहां की इंडस्ट्री खतरे में रहती है। इंडो-पाक लड़ाई हुई, तब इंडस्ट्री वहां से चली गई। उसके बाद हिली स्टेट्स को स्पेशल इंसेन्टिव दिए गए, जिसके कारण वहां इंडस्ट्री चली गयी। यह कारखाना ऐसा है, जहां मुलाजिम भर्ती करके इम्पोर्ट को कम किया जा सकता है। इसके लिए किसी इफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि हमारे एनएफएल यूनिट को जल्दी से जल्दी एक्सपेंड करनी की कार्रवाई की जाए।

दूसरा, मैं पेस्टीसाइड के बारे में कहना चाहूंगा कि इनकी कीमतों पर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। आज सुबह भी किसानों की खुदकुशी पर चर्चा हुई थी, जिसमें भाग लेते हुए मैंने कहा था कि पेस्टीसाइडबनाने वाले पांच सौ प्रतिशत तक उस पर मुनाफा कमाते हैं। किसी भी दवाई की कीमत पर कोई कंट्रोल नहीं है, कोई कितनी भी कीमत रख ले, कैसे भी रख ले, वे अपनी मर्जी से कीमत रखते हैं और किसानों को वह कीमत देनी पड़ती है । आज देश के लोगों का इस सरकार पर ऐसा विश्वास है कि जो एग्रीकल्चर इनपुट्स हैं और उसमें विशेष तौर पर जो पेस्टिसाइड्स हैं, उन एग्रीकल्चर इनपुट्स की जो कास्ट है, उसे कम करने के लिए यह कोई विधि बनायें और पेस्टीसाइड्स का इस्तेमाल कम से कम किया जाए, ताकि देश के किसानों को उसका लाभ मिल सके। धन्यवाद

श्री चंदूलाल साहू (महासमन्द) : माननीय सभापति महोदय, मैं माननीय उर्वरक और रसायन मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने इस विभाग में बजट का आबंटन ही नहीं मांगा, बल्कि इसमें लगे हुए उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए और किसानों को सुविधा देने के लिए बहुत शानदार योजना प्रस्तावित की है। सर्वप्रथम मैं उन्हें इस बात के लिए बधाई देना चाहूंगा कि उर्वरक संबंधी जो चार उद्योग हैं, उन्हें पुनर्जीवित करने की व्यवस्था की गई है। उसमें हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश का कोरबा है। कोरबा यूनिट पहले से ही चालू थी, लेकिन उसे बंद कर दिया गया। इस तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया था। लेकिन माननीय मंत्री महोदय ने जो कोरबा में स्थापित उद्योग है, उसे भी पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव किया है, इससे हमारे छत्तीसगढ़ में जो यूरिया खाद की आवश्यकता है, उस आवश्यकता को इससे पूरा किया जायेगा।

महोदय, यह मंत्रालय बहुआयामी मंत्रालय है, जिसमें कृषि एवं उर्वरक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र आते हैं। माननीय मंत्री के द्वारा फार्मा जन समाधान योजना लागू की गई है, जो राष्ट्रीय दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण द्वारा सृजित की गई है। इसके अंतर्गत दवाइयों के मूल्य में जो अंतर है, जो कमी है, यानी कहीं पर अनावश्यक रूप से दवाई की कीमत अधिक ली जाती है, उसका समाधान 48 घंटे के अंदर होना शुरू हो जायेगा। इस फार्मा जन समस्या समाधान योजना के अंतर्गत जो किसान पेस्टिसाइड्स और अन्य दवाइयों का उपयोग करते हैं, उसमें अलग-अलग क्षेत्रों मे कीमत में एकरूपता नहीं है। अभी किसान ये समझते थे कि इसकी शिकायत हम कहां करें। इस योजना का शुभारम्भ होने से किसानों की जो समस्या है, जो उनकी शिकायत है, उसका त्वरित समाधान हो जायेगा और उन्हें इसका फायदा मिलेगा।

इसके अलावा माननीय मंत्री जी के द्वारा जो जन औषधि केन्द्र प्रस्तावित हुआ है, उसके तहत तीन हजार जन औषधि केन्द्रों की स्थापना देश भर में की जायेगी। दवाई खरीदने के मामले मे जो गरीब लोग हैं, वास्तव मे जो प्रचलित दवाई है, उसकी अधिक कीमत होने के कारण वे उसे खरीद नहीं पाते हैं। इस जेनरिक दवाई की शुरूआत 2008 से की गई है, लेकिन इनका प्रचार सही तरीके से नहीं हो पाया और अभी तक सभी प्रदेश में इसका स्टोरेज नहीं बन पाया है। लेकिन वर्तमान सरकार के माननीय प्रधान मंत्री जी की योजना के अंतर्गत माननीय मंत्री जी के द्वारा जो तीन हजार जन औषधि केन्द्रों की स्थापना की जायेगी, उससे निश्चित रूप से गरीब लोगों को सस्ती दवाई मिलेगी और वे अपना इलाज कर पाने में सक्षम होंगे। 2008 के बाद इसमें जो शिथिलता थी, वह स्पीडली देश के हर क्षेत्र में पहुंचेगा।

इसके साथ-साथ माननीय प्रधान मंत्री जी ने मृदा स्वास्थ्य योजना की जो शुरूआत की है, इसके अंतर्गत किसान अपनी मिट्टी का सही तरीके से परीक्षण कर पायेगा। अभी तक किसान एक अनुमान के हिसाब से पोटाश, यूरिया या सुपर फास्फेट आदि खेतों मे डालते आ रहे हैं। सही मायने में आधुनिक युग में परीक्षण करके जो दवाई डाली जानी चाहिए, अभी तक उसका ज्ञान नहीं होने के कारण जो उत्पादन होना चाहिए, वह उत्पादन नहीं हो पाता। हमारे देश की 67 परसैन्ट जनसंख्या कृषि पर आधारित है और कृषि पर आधारित होने के कारण वे कृषि कार्य तो करते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं मालूम कि कौन से तत्व होने से उसकी फसल, चाहे वह गेहूं हो, धान हो या अन्य कोई फसल हो, उसका कितना उत्पादन होगा। लेकिन मृदा परीक्षण कार्ड की शुरूआत करने से किसानों की जो समस्याएं हैं कि उर्वरक की कितनी आवश्यकता है, उसे वे लोग सही तरीके से नियंत्रित कर पायेंगे। इसके साथ ही साथ आज कृषि भूमि का उपजाऊपन लगातार कम हो रहा है, इस परीक्षण के माध्यम से हम अच्छे से परीक्षण करके सही तत्व का उपयोग करेंगे तो उत्पादन भी पर्याप्त मात्रा में होगा। मृदा कार्ड में किसान की मिट्टी में कौन-कौन से तत्व मौजूद हैं, यह लिखा जायेगा, ताकि किसान को सही तरीके से जानकारी होगी और उसे फसल लेने में सहूलियत होगी। इसके साथ-साथ मूल्य निर्धारित दवाओं की संख्या अभी तक 440 है, इसको बढ़ा कर के 670 दवाओं को इसमें शामिल किया गया है। मूल्य नीति में नियंत्रण कर के जो अन्य दवाइयां हैं, उनमें भी नियंत्रित किया जाएगा। अभी तक देखने को मिलता है कि कीमत कुछ भी लिख दी जाती है और उसकी आवश्यकता के हिसाब से, उसकी मांग की हिसाब से उसकी कीमत निर्धारित करते हैं। इस प्रकार से नियंत्रित दवाओं की संख्या में वृद्धि होने से हम सही तरीके से उसका नियंत्रण कर पाएंगे और किसानों को और आम जनता को सहूलियतें दे पाएंगे। निश्चित रूप से रसायन और उर्वरक मंत्रालय के द्वारा वर्तमान सरकार ने बहुत शानदार काम किया है। हम इस क्षेत्र में अच्छा काम कर के एक अच्छा स्थान प्राप्त करेंगे। महोदय, मैं इस बजट का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

***श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत)**: मेरे संसदीय क्षेत्र सोनीपत में कैमिकल व फर्टीलाईजर का कोई कारखाना नहीं है। सोनीपत व जीन्द जिले में फर्टीलाईजर दूसरे स्थानों से आता है। इससे यहाँ के किसानों को समय पर मांग के अनुसार फर्टीलाईजर नहीं मिल पाता है, जिससे उनकी खेती व उपज पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। जैसा कि इस वर्ष रबी की फसल बुवाई के वक्त खाद की आवश्यकतानुसार उपलब्धता नहीं होने के कारण, खाद ऊँची कीमत पर बिका और दूसरी तरफ से प्राकृतिक आपदा ने किसान की फसल को बर्बाद करके रख दिया। जिसके कारण किसानों में असंतोष पैदा होता है और उनको मजबूरन धरना-प्रदर्शन करना पड़ता है। हरियाणा राज्य का किसान तो देश का अन्नदाता है, लेकिन उसको समय पर अन्न उगाने के लिए खाद व दवाएं यदि नहीं प्राप्त होंगी तो पैदावार तो कम होगी ही जिसके कारण काश्तकार को आर्थिक हानि भी उठानी पड़ेगी। इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए सोनीपत रेलवे स्टेशन पर खाद के रैक फसल बुवाई से पहले पर्याप्त संख्या में भिजवाएं जाए ताकि किसान को समय पर खाद प्राप्त हो सके।

सभी राज्यों में खाद की कीमत एक समान होनी चाहिए। कालाबाजारी पर रोक लगे, ताकि सब काश्तकारों को समय पर खाद प्राप्त हो सके। इस व्यवस्था को चलाने के लिए सख्त से सख्त कानून बनाना चाहिए ताकि इस समस्या का निदान हो सके।

मेरा माननीय रसायन एव उर्वरक मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सोनीपत में कैमिकल व फर्टीलाईजर का बड़ा उद्योग सोनीपत या जींद जिला में स्थापित किया जाए ताकि यहाँ के किसानों को समय पर तथा आवश्यकतानुसार खाद एवं दवाएँ मिल सके, जिससे किसानों को भविष्य में स्थाई राहत प्राप्त हो सके।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : सभापति महोदय, मैं रसायन और उर्वरक मंत्रालय की अनुदान मांगों पर कटौती प्रस्ताव पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हू। इसमें हमारी दो मांग हैं। एक जिस संसदीय क्षेत्र से हम आते हैं कि बिहार के बाँका और भागलपुर, मुंगेर, जमुई सहित तमीसराय में उर्वरकों के लिए समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए और दूसरा जिसको माननीय सुप्रीया जी ने दस नंबर का उठाया था कि हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटिड पिंपरी पुणे के कर्मचारियों के वेतन भुगतान धनराशि की आवश्यकता है। सभापति महोदय, यह सही है कि देश की समृद्धि का रास्ता किसानों के खेतों से हो कर ही गुजरता है। यह सर्वविदित है कि राष्ट्र को समृद्ध बनाना है तो खेती को समृद्ध करना पड़ेगा और उपज को बढ़ाना है। उपज हम तब बढ़ाते हैं, जब फसल में हम अच्छी खाद का उपयोग करते हैं। यह जरूर है कि मौसम का मिजाज बदला है, जलवायु में परिवर्तन आया है और खेती में भारी नुकसान भी हो रहा है। स्थिति बहुत बद से बदतर है। आज जमीन की उर्वरा शक्ति घटी है, इसमें कोई दो राय नहीं है। उत्पादन बढ़ा है, लेकिन उर्वरा शक्ति घटी है। जैसे हम दवाई लेते हैं और दवाई खाते हैं, लेकिन जो उपचार होना चाहिए, वह नहीं होता है तो आदमी ठीक नहीं होता है। इसलिए उत्पादकता तो बढ़ी है, लेकिन जमीन की शक्ति घटी है। आज जिसके कारण जमीन उसर होती जा रही है, उर्वरा शक्ति उसमें नहीं है, हम खाद का जहां आधा किलो उपयोग करते थे, वहां अब दो किलो उपयोग कर रहे हैं। आजादी के पहले सन् 1947 में बिना खाद की जो हमारी खेती लहलहाती थी, और खेती बेहतर होती थी, वहीं आज हालात दयनीय हो गए हैं। हमारी देश की खेती का डंका देश और दुनिया में बजता था, पंजाब का, हरियाणा का, उत्तर प्रदेश का, बिहार का, महाराष्ट्र का या अन्य राज्यों का, लेकिन आज खेती में कमियां आई हैं, उर्वरा शक्ति घटी है, उसका कारण है कि जो हमारा खाद है, जिसका हम प्रयोग कर रहे हैं, उसके इस्तेमाल से हमारी खेती खराब हुई है, खेत की मिट्टी और उसकी हैल्थ खराब हुई है। इंसान की हैल्थ खराब होती है तो स्वास्थ्य खराब होता है, मिट्टी की भी हैल्थ होती है, जिस हैल्थ कार्ड की चर्चा हो रही थी, हैल्थ कार्ड हम बांट रहे हैं, अभी तक सबको हैल्थ कार्ड कब मिलेगा, नहीं मिलेगा, वह अलग चर्चा है, लेकिन खेती का हैल्थ खराब हुआ है और हैल्थ कार्ड बांटने की भी चर्चा हो रही है। जो हमारी पुरानी जैविक खेती होती थी, जो गोबर की खाद थी, कंपोस्ड की खाद थी, केंचुआ की थी, जिसको बनाने के लिए लोग उस समय गाय और जानवर लोग अधिक पालते थे, उनकी संख्या अधिक थी, एक-एक किसान के पास दो-तीन सौ गाय होती थीं, छोटे किसानों को, सीमांत किसानों को, जोतदार किसानों को, कोई गरीब से गरीब किसान भी है तो दो गाय-चार गाय होती थी और वे खेत में बिठाते थे और उसके गोबर से उर्वरा शक्ति बढ़ती थी। आज पशुधन भी बर्बाद हुआ है, पशुधन की संख्या भी घटी है और उसका असर सीधे खेती पर पड़ा है, सीधे किसान पर पड़ा है, सीधे उर्वरा शक्ति पर पड़ा है। आज हम कंपोस्ड खाद का उपयोग कर रहे हैं, रसायन का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन इसका वैकल्पिक रास्ता हमें निकालना पड़ेगा। वैकल्पिक रास्ता नहीं निकलेगा तो हमारी खेती चौपट होगी, बर्बाद होगी। आज खाद के लिए हाहाकार मचने लगता है। सरकार यह सुनिश्चित करे, यह सरकार की जिम्मेदारी है कि किसानों को समय पर शुद्ध खाद देने का काम करे। रबी की फसल के समय, खरीफ की फसल के समय पर किसानों को शुद्ध खाद उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

महोदय, इसमें पंचायत को भागीदार बनाना चाहिए, जो बिसकोमन है, पैक्स है, कोआपरेटिव है, उसको इसमें भागीदार बनाना चाहिए। जो बड़े व्यापारी हैं, वे एक नम्बर का खाद नहीं देते हैं, यह बात सही है कि वे उसमें कुछ न कुछ मिलावट करते ही हैं, बोरे का वजन कम होता ही है। पता चलता है कि खाद की स्केर्सिटी हो गई है, लेकिन मार्केट में जाइए तो खाद मिलने लगता है। सरकारी महकमे में जाइए तो खाद नहीं मिलता है। इस पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। किसान को जो खाद 350-400 रूपए में मिलना चाहिए, वह उसको 700-800 रूपए में मिलता है। हमारी माँग यह है कि किसानों को समय पर खाद मिले। रेल नहीं है, वैगन नहीं है, इन सबकी व्यवस्था कौन करेगा, रेल और उसके डिब्बों को इन्तजाम केन्द्र सरकार करेगी। बरौनी और हल्दिया पर और भी संसाधन बढ़ाए जाएं, उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाए, मजदूरों पर ध्यान दिया जाए। यूरिया और डीएपी जैसे खादों का प्रयोग कम से कम हो, इस पर हमें ध्यान देना चाहिए। आज मेक इन इन्डिया की बात होती है, अच्छे दिन की बात होती है, सर्वजन हिताय की बात होती है, हर खेत को पानी हर हाथ को काम की बात होती है, इसके लिए हमें ध्यान देना पड़ेगा तभी मेक इन इन्डिया बनेगा। किसान और खेती पर ध्यान देना पड़ेगा, किसान को राज सहायता, किसान को सुविधा और बिहार जैसे राज्य को अधिक से अधिक सुविधा दी जाए। हमारा जंगल का इलाका है, पहाड़ का इलाका है, वहाँ प्रशिक्षण मेले लगाए जाएं और वहाँ की कमजोर मिट्टी में आर्सेनिक और फ्लोराइड होता है, वह एक तरह का विष है, इसका पर्यावरण पर भी असर पड़ता है। मेरा यही कहना है कि इन सब बातों पर ध्यान दिया जाए।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : महोदय, मैं रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत अनुदान माँगों का समर्थन करता हूँ। इसमें उर्वरकों का उत्पादन बढ़ाने हेतु जो योजनागत निर्णय लिए गए हैं, वे स्वागतयोग्य हैं। हमें पूरा विश्वास है कि सरकार शीघ्र ही और प्रस्तावित फर्टिलाइजर इकाइयों को व मौजूद इकाइयों को विस्तार देकर, उन्हें शुरू कराकर देश की यूरिया की जरूरत को पूरा करने का काम करेगी।

मान्यवर, यूरिया के मामले में माननीय मंत्री जी ने माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जो एक लक्ष्य रखा गया है कि हम पाँच साल में अपने देश को यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर कर देंगे। निश्चित रूप से वे इसके लिए बधाई के पात्र हैं और हमें पूरा विश्वास है कि पाँच साल के अन्दर यूरिया के मामले में हम आत्मनिर्भर बन जाएंगे और हमें विदेशों से यूरिया आयात नहीं करना पड़ेगा। उत्पादन के मामले में, कच्चे माल की उपलब्धता के आधार पर जो अन्य उर्वरक हैं, उनके लिए भी एक प्रभावी योजना बनाने की जरूरत है, जिससे कि हम आयात पर निर्भर न रहें और अपने यहाँ ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी उत्पादन हम कर सकें। इसके लिए विशेष कार्य योजना बनाने की जरूरत है।

मान्यवर, इससे देश में जरूरत के अनुसार उर्वरक उत्पादन के लिए राज सहायता में कमी आएगी और सब्सिडी बचने से देश की अन्य विकास योजनाओं में देश का पैसा लगाया जा सकेगा। सबसे बड़ी समस्या किसानों को समय से उर्वरक न मिलने की होती है। मैं मानता हूँ कि यह राज्य सरकार के पूल में आता है, लेकिन फिर भी केन्द्र सरकार से मैं कहना चाहता हूँ कि राज्य सरकारों से बातचीत करके ठीक से उसकी कार्य योजना बनानी चाहिए, जिससे किसानों को समय से खाद मिल सके। इसमें एक गड़बड़ी और हो रही है कि देश का जो फसल चक्र है, वह सब जगह अलग-अलग है लेकिन एक ही फसल चक्र के हिसाब से उर्वरक उपलब्ध कराया जाता है। जबकि देश में कहीं एक फसल ली जाती है, कहीं दो या तीन फसलें ली जाती हैं, तो उनका बुवाई का सीज़न अलग अलग होता है। मैं कहना चाहता हूँ कि पूरे देश का जो फसल चक्र है, उसके हिसाब से खाद और उर्वरक उपलब्ध कराना चाहिए, जिससे किसानों को समय से उर्वरक उपलब्ध हो सके। इसके लिए विशेष कार्य योजना बनानी चाहिए। एक सूचना के अनुसार हमारे देश से यूरिया की तस्करी पड़ोसी देशों को भी होती है। देखा जा रहा है कि हमारे यहाँ 5360 रुपये प्रति टन यूरिया है और पड़ोसी देशों में 22 हज़ार रुपये प्रति टन यूरिया का रेट है। इससे बड़ी मात्रा में उसकी तस्करी भी होती है। इसलिए राज्य सरकारों से मिलकर उस तस्करी को रोकने का प्रयास भी करना चाहिए जिससे यहाँ उर्वरक पर्याप्त मात्रा में किसानों को मिल सके।

महोदय, किसानों को जागरूक करने के लिए, विशेषकर जैविक खेती के विषय में जागरूक करने के लिए भी प्रयास किए गए हैं। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ जिन्होंने मृदा परीक्षण योजना चलाकर किसानों को सॉइल हैल्थ कार्ड देने का प्रावधान किया है। इससे निश्चित तौर से जो किसान अंधाधुंध यूरिया का प्रयोग विशेष तौर से करते थे, जिससे ज़मीन की उपजाऊ शक्ति भी कम होती है और तमाम प्रदूषण भी फैलता है, उसमें बहुत बड़ा लाभ मिलेगा और किसान संतुलित मात्रा में उर्वरक का उपयोग भी कर सकेगा। इस प्रकार इससे बहुत लाभ होगा। इसलिए इस योजना को शीघ्र क्रियान्वित करने की आवश्यकता है।

मान्यवर, किसानों को जागरूक करने के लिए जो किसान मेलों का आयोजन होता है, निश्चित तौर से पूरी तरह से जिला मुख्यालयों पर उसका ज्यादा से ज्यादा आयोजन किया जाता है। हालांकि उसका क्रियान्वयन राज्य सरकार द्वारा होता है, लेकिन फिर भी मेरा अनुरोध है कि राज्य सरकारों से बातचीत करके ऐसी योजना बनाई जानी चाहिए कि ऐसे किसान मेलों और किसान सम्मेलनों का आयोजन ब्लाक स्तर पर और न्याय पंचायत स्तर पर होना चाहिए जिससे उन किसानों को वहाँ इसका वास्तविक लाभ मिल सके। इसके लिए भी यहाँ से ठीक से निर्देश होना चाहिए जिससे

किसान इसके लिए प्रशिक्षित हो सके।

मान्यवर, मैं एक बात और कहना चाहता हूँ कि जो योजना आज बनी है, मैं विशेष तौर से यहाँ पर माननीय प्रधान मंत्री को बधाई देना चाहता हूँ और माननीय उर्वरक मंत्री जी भी इसके लिए बधाई के पात्र हैं कि जो पुरानी यूपीए सरकार का बकाया पड़ा था, उसके लिए उन्होंने एक विशेष बैंक कोष की स्थापना करके उसको देने का काम किया जिससे उर्वरक उद्योग को बहुत बड़ा बल मिला है और हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में जो उर्वरक ईकाइयाँ हैं, वे अपने पैरों पर खड़ी होकर यहाँ पर उर्वरक उत्पादन ठीक से कर सकेंगी। इसके लिए माननीय मंत्री जी, प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी बधाई के पात्र हैं।

मान्यवर, मैं केवल एक सुझाव देकर अपनी बात समाप्त करना चाहूँगा। सबसे पहले मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ कि उन्होंने जीवन रक्षक दवाइयों के लिए जन औषधि केन्द्र बनाने का निर्णय लिया है, जिसमें 3000 विशेष केन्द्र खोले जाने की योजना बनाई है। उससे निश्चित तौर से जीवन रक्षक दवाइयाँ गरीब लोगों तक पहुँचेंगी। लेकिन मेरा अनुरोध है कि इन केन्द्रों पर विशेष तौर से गरीब लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक औषधियाँ उपलब्ध हों, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए मैं पुनः उनको बधाई देता हुआ अपनी बात को विराम देता हूँ। धन्यवाद।

श्री भगवंत मान (संगरूर): सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे कैमिकल्स एंड फर्टिलाइज़र्स मंत्रालय की डिमांड्ज़ फॉर ग्रांट्स पर बोलने का मौका दिया।

16.44 hrs. (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

महोदय, मैं पंजाब से आता हूँ और पंजाब खेती प्रधान सूबा है। जब हरित क्रांति देश में आई तो सबसे ज्यादा अनाज का योगदान सैन्ट्रल पूल में पंजाब ने दिया। लेकिन हरित क्रांति की वजह से जो उसके दूरगामी नतीजे निकल रहे हैं, उसका सबसे ज्यादा नुकसान भी पंजाब की धरती को हुआ है। जो यूरिया या कैमिकल खादों का इस्तेमाल बहुत ज्यादा हो रहा है, उसकी वजह से हमारी सॉइल भी ज़हरीली हो रही है। उसकी वजह से बहुत सी बीमारियों की चपेट में पंजाब इस वक्त आ गया है। माननीय कृषि मंत्री बालियान जी मेरे बहुत अच्छे मित्र हैं, उनसे कल भी बात हो रही थी कि किसानों को कुछ अपग्रेड करने या ट्रेनिंग देने का अगर कुछ प्रावधान कर लिया जाये कि कौन सी फसल के लिए कितनी खाद एक एकड़ में उन्हें यूज़ करनी है तो इससे उनकी लागत भी बहुत कम हो जायेगी, जो खेती पर खर्चा होता है, वह भी कम हो जायेगा और इससे धरती का भी बचाव हो जायेगा। अब क्या है, अब सिर्फ पड़ौस के किसान ने कितने बोरे डाले हैं, उसको देखकर कि अगर उसने दो डाले हैं तो मैं ढाई डाल दूंगा, इसकी वजह से मार्केट में उसकी कमी हो जाती है, जैसे इस बार यूरिया की कमी के लिए पूरे देश में मारा-मारी हुई तो आगे से ऐसा न हो, इसके लिए भी प्रावधान किये जायें।

जो पूरे देश में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज़ हैं, उनको अपग्रेड किया जाये, ताकि नये-नये बीजों की खोज हो सके और कम से कम रासायनिक खादों का इस्तेमाल हो सके और हमारी धरती को बचाया जा सके। मैं आपके माध्यम से सरकार के कानों तक यह बात पहुंचाना चाहता हूं कि रासायनिक खादों का अंधाधुंध इस्तेमाल धरती के लिए और किसानों के लिए कहीं से भी बेहतर नहीं है। इसके लिए उनको ट्रेनिंग दी जाये, जैसे स्कूल में टीचर्स होते हैं, हर गांव में कोई खेती का भी टीचर, जैसे बी.एससी. एग्रीकल्चर, एम.एससी. एग्रीकल्चर करके हमारे नौजवान लड़के-लड़कियां बेरोजगार हैं, उनको इन कामों पर लगाया जाये, ताकि हम अपनी खेती को अपग्रेड भी कर सकें और उससे वर्ल्ड लेवल का प्रोडक्शन भी हो सके और नये-नये बीजों की खोज भी हो सके। जो यूनिवर्सिटीज़ हैं, वे यह काम कर सकें। मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह कहना है कि पूरे देश के किसानों को बचाने के लिए उन्हें अपग्रेड करे, ताकि उनके बच्चे भी उच्च शिक्षा ले सकें और वे अच्छी जिन्दगी बसर कर सकें।

बहुत-बहुत शुक्रिया कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

श्री धर्मवीर (भिवानी-महेन्द्रगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं फर्टिलाइज़र और कैमीकल मंत्रालय की अनुदान मांगों के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं सदन का ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। आज जिस प्रकार से खाद और दवाइयों का प्रयोग हम बहुत बड़ी मात्रा में कर रहे हैं, मैं यह मानकर चलता हूं कि अगर समय पर हमें खाद मिल जाये तो कम खाद में भी हम अपनी पैदावार बढ़ा सकते हैं। अगर पटवारियों के मार्फत और रेवेन्यू डिपार्टमेंट के कर्मचारियों और अधिकारियों के मार्फत पहले सर्वे हो जाये कि कितनी बिजाई हमें करनी है तो उससे लाभ होगा। जल्दबाजी में जब खाद की जरूरत पड़ती है तो एक बैग की बजाय दो बैग किसान लेने की कोशिश करता है, जिसकी वजह से हमारी जमीन में ज्यादा कैमीकल खाद हो जाता है। अनाज पैदा होने के बाद भी हम दवाइयों को प्रयोग कर रहे हैं। आज हिन्दुस्तान का बहुतायत आदमी इन दवाइयों से जो खाद्य उत्पादन होता है, हम जो सब्जियां और फ्रूट्स खाते हैं, जब हम डॉक्टर के पास जाते हैं तो हर डॉक्टर यह कहता है कि इसके अन्दर जहर मिला हुआ है। चाहे हम दूध का उत्पादन करते हों, चाहे हम सब्जियां खाते हों, हम जब सेव और केले का भी सेवन करते हैं तो उनमें भी दवाई का असर मिलता है। हर जगह डॉक्टरों के पास लाइनें लगी होती हैं, दवाइयां भी ज्यादातर मात्रा में नकली मिलती हैं और इसकी वजह से 50 परसेंट से ज्यादा पैसा इस देश का बीमारियों को ठीक करने पर लग जाता है। मेरा मंत्रालय को सुझाव है कि एक तो ये जो नकली दवाइयां हैं, किसी प्रकार से इनके ऊपर प्रतिबन्ध लगाया जाये और जैविक खाद की तरफ बढ़ने के लिए, जिस प्रकार आदरणीय प्रधानमंत्री जी का भी एक सपना है कि हम मनरेगा के माध्यम से जो पैसा मिलता है, हम अपने गांवों में किसानों को वह पैसा दें, ताकि वह गड्ढा खोदकर उसमें गोबर का, वेस्ट का, जितना भी साफ-सफाई का कचरा है, गड्ढा खोदकर उसको जैविक खाद के तौर पर बनाकर खेत में केवल वही इस्तेमाल करें। उससे जो गेहूं और जीरी पैदा होगी, वह बगैर बीमारी की होगी। आज हालत यह है कि कोई देश हमारे जिरी और गेहूं लेने के लिए तैयार नहीं हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा सुझाव है कि एम.एस.पी. भी दो प्रकार से लागू होना चाहिए। जैविक खाद से जो जिरी, गेहूं या सब्जियां पैदा होंगी, उनका एम.एस.पी. अलग से हो। दूसरे प्रकार से जो गेहूं पैदा होता है, आज उसकी हकीकत यह है कि अगर हम शाम को खाना बनाते हैं तो उसे हम अगली सुबह खा नहीं सकते। आज से चालीस साल पहले शाम की रोटी या खिचड़ी होती थी, वह अगली सुबह खाने में बड़ी अच्छी लगती थी। आज केवल ज़हर खाया जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय, किसी सांसद भाई से पूछ कर देखना कि अगर हम कुत्ते को भी रोटी देते हैं तो कुत्ता भी उस रोटी को खाता नहीं है, बल्कि उसे सूंघ कर छोड़ देता है। यह तो इंसान है, जिसे वह खाना मज़बूरी में खाना पड़ता है। खाना खाने के बाद, वैसी सब्जी खाने के बाद हम हर रोज़ हॉस्पीटल जाते रहते हैं।

सारे देश में जिस प्रकार से नकली दवाइयों का प्रचलन है तो मेरा सुझाव है कि केवल पब्लिक सेक्टर के माध्यम से सरकारी विभागों के पास ही दवाइयों की दूकानें होनी चाहिए। जो दूकानें प्राइवेट सेक्टर में खुली हुई हैं, वे सारी मिलावटी हैं। जब कपास या दूसरी फसलों में कोई बीमारी होती है तो उसके ऊपर जो दवाएं दी जाती हैं, तो जो ज़हरीले कीटाणु हैं, वे उससे कभी नहीं मरते, बल्कि उससे इंसान जरूर मर जाता है। इसलिए आज जरूरत है कि हम ऐसा प्रबंध करें कि नकली दवाइयां न बिकें। इससे हमारा दोनों मामलों में समाधान हो सकता है।

तीसरा, जो एग्रीकल्चर सेक्टर के साइंटिस्ट हैं, जिन्हें हम हेड-ऑफ-डिपार्टमेंट कहते हैं, चाहे वे स्टेट के हों या सेन्टर के हों, उन लोगों को यह काम दिया जाए। यह जो आई.ए.एस. लॉबी को आप बिठा देते हैं तो उन्हें उसके बारे में पता नहीं होता है क्योंकि कोई मेडिकल साइड से होते हैं, कोई इंजीनियरिंग साइड से होते हैं और वे ही एग्रीकल्चर विभाग के प्रमुख होते हैं। इनकी वज़ह से यह मामला खराब हो जाता है।

मैं तो आपसे केवल इतना प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस मंत्रालय को जो पैसा दिया गया है, तो पैसे की कोई कमी नहीं है। अगर इसमें जरूरत है तो एक मैकेनिज्म की जरूरत है। अगर हम किसी प्रकार से जैविक खाद और दवाइयां तैयार करके खाद्यान्न, सब्जियों और फलों में इसका इस्तेमाल करेंगे तो इसमें जो आने वाली बीमारियां हैं, उन पर काबू पाया जा सकता है।

धन्यवाद।

***SHRI SANKAR PRASAD DATTA (TRIPURA WEST):** Hindustan Antibiotics Limited (HAL) is wholly owned Government Company engaged in the Manufacturing and Marketing of Life Saving Drugs. HAL was established in 1954 with WHO/UNICEF assistance. HAL is the first company to manufacture the antibiotics like Bulk drugs Penicillin, Streptomycin and Gentamycin. HAL has rare distinction of inventing two new molecules viz.

Hamycin and Aureofungin. HAL has been instrumental in ensuring the availability of life saving drugs at affordable prices in the country.

HAL was referred to BIFR in 1997. Rehabilitation Scheme was approved by BIFR on 5th June 2007 after series of hearings. As the Rehabilitation Scheme was not fully implemented, IFCI Ltd. was engaged in 2011 to evaluate the performance in implementation of sanctioned scheme, identifying 42 reasons to achieve performance, suggest business plan for the company with future corporate strategy to make HAL's operation viable.

HAL had prepared Rehabilitation Scheme as directed and submitted to Ministry in June'12. This Scheme has undergone changes many times and company has submitted revised scheme in Jan'15 covering liabilities upto March' 14. This scheme is under consideration Features of this scheme are as under :- i. Liabilities were covered upto March'14, ii. VRS for 500 persons iii. Capital investment of Rs. 111.50 crores iv. Outsourcing of the non-core area.

The Plant could not function as there are no funds. Plant assets worth Rs. 300 crore have been lying idle and operations of the Company have come to a near standstill. The employees have not received their salary for more than six months. According to them, decline in production and sale in the Company is due to acute shortage of working capital which HAL is facing for the last 3-4 years.

Bengal Chemicals and Pharmaceuticals Limited (BCPL), erstwhile Bengal Chemical and Pharmaceutical Works Limited (BCPW) was set up in 1901 by Acharya Prafulla Chardra Roy, a renowned scientist and academician. Government of India nationalized BCPW in 1980 under the name of Bengal Chemicals and Pharmaceuticals Limited (BCPL) in 1981, BCPL was declared sick in 1993 and was sanctioned scheme for revival in 1995 by Board for Industrial and Financial Reconsturuction (BIFR). In 2004, the scheme of revival was modified and the plan was sanctioned by BIFR.

All the PSUs in pharmaceutical should be revived for the sake of the people of the country.

Sir, it was discussed that a fertilizer factory would be established at Tripura but the process to establish such factory is very slow. Abundant gas supply is available for urea fertilizer factory. I urge upon the Government to immediately establish a gas based urea fertilizers factory in Tripura as early as possible. It would help to engage thousands of unemployed from inside and outside of Tripura. With these words I conclude.

डॉ. अरुण कुमार (जहानाबाद) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की अनुदान मांगों के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार को दो-तीन सलाह देना चाहता हूं।

आज स्पयूरियस मेडिसिन्स की भरमार है और अगर हम जेनेरिक मेडिसीन को पॉपुलराइज़ करना चाहते हैं तो निश्चित रूप से हिन्दुस्तान फार्मास्यूटिकल्स जैसी सरकारी कंपनियों को बढ़ावा मिलना चाहिए।

यूरिया के बारे में सरकार का जो संकल्प है, वह निश्चित तौर से एक सराहनीय कदम है। चूंकि पिछले वर्षों में किसानों के नाम पर, सब्सिडी के नाम पर भारी लूट होती रही है। हमें इसके लिए एक प्रोग्राम बनाना चाहिए कि इसकी कितनी आवश्यकता है? इसका कैसे डिस्ट्रीब्यूशन हो और समय पर कैसे इसकी डिलीवरी हो?

पिछली यूपीए की सरकार में यूरिया का एक बड़ा घोटाला हुआ है। माननीय मंत्री जी को मैंने इसके संबंध में एक पत्र भी लिखा है और उसकी रिसीविंग भी मुझे प्राप्त हुई है। हम उम्मीद करते हैं कि वह यूरिया घोटाला टू-जी स्पेक्ट्रम घोटाले से भी बड़ा है। किसानों के नाम पर इतनी बड़ी लूट होती रही है। निश्चित रूप से, इस लूट की राशि की रिकवरी हो।

हमारे बिहार में बरौनी में फर्टिलाइजर कारखाना है, अमझर में पोटाश का कारखाना है। सिन्दरी में इसकी एक खूबसूरत यूनिट बर्बाद हो गयी है। अगर इन कंपनियों को मॉडर्नाइज करके अधिक उत्पादन क्षमता का बनाया जाएगा तो मैं समझता हूं कि यह किसानों के हित में एक शुभ संकेत होगा।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह भी अनुरोध करना चाहूंगा कि आज जो सरकार ने स्वॉयल हेल्थ कार्ड लाने का काम किया है, वह निश्चित तौर से एक सराहनीय कदम है। हम लोग यूरिया का जो बेतहाशा प्रयोग करते रहे हैं, उसमें भी रेशनलाइज प्रयोग होगा। ज़िंक, पोटाश, डी.ए.पी. और यूरिया इत्यादि जो मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, इनका भी प्रयोग बढ़ेगा। हम अपने देश में इसका इंडीजिनियसली प्रोडक्शन बढ़ाएं।

इस संकल्प के लिए सरकार को बधाई देते हुए हम इसका समर्थन करते हैं।

श्री दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने हमें रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के बजट अनुदान मांगों पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

गांधी जी ने एक बार अपनी दक्षिण भारत यात्रा के दौरान तमिलनाडु के एक किसान से पूछा कि आपका राजा कौन है? किसान ने आसमान की तरफ इशारा करते हुए कहा कि चाहे कोई भी हो, लेकिन सबसे बड़ा राजा तो ऊपर वाला ही है। ऐसा लगता है कि वर्षों से गांधी जी के नाम पर देश चला रही पिछली सरकारों ने किसानों को अंतिम राजा के भरोसे ही छोड़ दिया था। देश में हरित क्रांति की शुरूआत के समय कहा गया था कि रासायनिक उर्वरकों के कम इस्तेमाल के कारण उत्पादन कम हो रहा है। तब न तो देश की मिट्टी की गुणवत्ता की जांच की गई और न ही यह जानने की कोशिश की गई कि किस प्रदेश की मिट्टी में कौन से पोषक तत्व की कमी है।

हरित क्रांति की उस आंधी में मान लिया गया कि मशीनों और उर्वरकों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग ही विकसित खेती की निशानी है। हालांकि हरित क्रांति के बाद खाद्यान्न उत्पादन में बढ़ोतरी तो हुई, लेकिन अब इसके अगुवा प्रदेशों मसलन हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उत्पादन दर नकारात्मक हो रही है। बंजर में तब्दील होते खेतों से निराश किसान मौत को गले लगाते रहे, लेकिन सत्ताधीश कुछ करोड़ रूपए के पैकेज देकर जनता को बरगलाते रहे। समस्या की तह में जाने का प्रयास किसी ने नहीं किया और अब बंजर होती उपजाऊ जमीन के भयंकर आंकड़े सामने आ रहे हैं। भारतीय कृषि शोध संस्थान ने पिछले दिनों विजन 2030 दस्तावेज प्रकाशित किया है, जिसके मुताबिक खेती लायक देश की कुल 14 करोड़ हेक्टेयर में से 12 हेक्टेअर भूमि की उत्पादकता घट चुकी है। यही नहीं 84 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जल प्लावन अथवा खारेपन की समस्या से ग्रसित है। तेजी से घट रहे पेड़-पौधों और खनन कार्यों में हो रही बढ़ोतरी ने भी कृषि योग्य भूमि की कब्र खोदने का कार्य किया है।

मान्यवर, मैं वन क्षेत्र से आता हूं। वनावरण घटने से मिट्टी में प्राकृतिक खाद की कमी होती जा रही है, वहीं बढ़ते खनन से मिट्टी में उपलब्ध तत्वों का अनुपात गड़बड़ा गया है। मिट्टी में किस पोषक तत्व की कमी है, यह जाने बिना ही हमारे किसान सस्ते उर्वरकों का नुकसानदायक इस्तेमाल कर रहे हैं। रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग के कारण ही खेती लायक भूमि बेजान हो चुकी है। रासायनिक उर्वरकों से किसानों के बर्बाद होने की कहानी को यूरिया की अन्धाधुंध खपत से जोड़कर देखा जा सकता है। भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा कृषि देश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख साधन भी है। भोजन मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है और अन्न से ही जीवन है। इसकी पूर्ति के लिए 60 के दशक में हरित क्रान्ति लाई गई और अधिक अन्न उपजाओ का नारा दिया गया। जिसके परिणामस्वरूप रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध व असन्तुलित उपयोग आरम्भ हुआ। इससे उत्पादन तो बढ़ा, उत्पादकता में स्थिरता आने के कारण पूर्व वर्षों की उत्पादन वृद्धि पर असर पड़ने लगा। पिछले कुछ समय से रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के अंधाधुंध असन्तुलित प्रयोग का प्रभाव मनुष्य और पशुओं के स्वास्थ्य पर ही नहीं हुआ, बल्कि इसका कुप्रभाव पानी और पर्यावरण पर भी स्पष्ट दिखाई देने लगा है। मिट्टी में कमी चाहे जिंक, फास्फेट या किसी अन्य दूसरे पोषक तत्व की रही हो, लेकिन किसानों को केवल यूरिया के छिड़काव की सलाह ही दी गई।

नतीजतन यूरिया पर दी जाने वाली सब्सिडी का बिल साल दर साल बढ़ता गया। इसके साथ ही साथ उर्वरक कम्पनियों के थैले भी भरते रहे। इस लूट से किसान रासायनिक उर्वरकों के जाल में फंसते गए। किसानों के कल्याण के नाम पर रचे गए इस ढ़ोंग ने यूरिया के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया। नतीजतन देश की उपजाऊ मिट्टी में पोषक तत्वों का अनुपात इस कदर बिगड़ गया कि अब उत्पादन दर नकारात्मक हो गई है।

विडम्बना यह है कि वर्ष 2004-05 से लेकर अब तक महज 10 सालों में रासायनिक उर्वरकों की खपत में 40 से 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है, लेकिन इस दौरान देश में खाद्यान्न उत्पादन केवल 10 फीसदी ही बढ़ा है। आजादी के बाद से ही जैविक उर्वरकों को हाशिये पर डालकर रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल को बढ़ावा देकर हमने अपनी मिट्टी, पर्यावरण और जैव विविधता के प्राकृतिक चक्र को काफी नुकसान पहुँचाया है।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और बलरामपुर तराई क्षेत्र में काफी उपजाऊ जमीन के लिए जाना जाता है। हमें याद है कि हमारे बचपन में काला नमक धान की प्रचुर पैदावार वहां होती थी, जो अपनी खुशबू और स्वाद के लिए जाना जाता था।

17.00 hrs.

लेकिन शायद उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रभाव है कि आज "काला नमक" धान की पैदावार नगण्य हो चुकी है। कई बार हमारे रिश्तेदार "काला नमक" चावल की डिमाण्ड करते हैं तो जब हम उन्हें बताते हैं कि उस चावल की पैदावार बंद हो गयी हे तो वे विश्वास ही नहीं करते हैं। वे कहते हैं कि उसे नहीं देने का बहाना बनाया जा रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, वर्ष 1950-51 में रासायनिक उर्वरकों की सालाना खपत 70 हजार टन थी, वहीं वर्ष 201-11 में यह बढ़ कर साढ़े पांच करोड़ टन हो गयी है। गौर करने वाली बात यह है कि देश की कुल उर्वरक खपत में यूरिया का हिस्सा 2.7 करोड़ टन है, यानी इस्तेमाल किए जाने वाले उर्वरकों में आधे से ज्यादा यूरिया की मात्रा है। यूरिया के इस अत्यधिक मोह के कारण मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्वों, मसलन जिंक, जिप्सम, कॉपर सल्फेट और कैल्शियम की भारी कमी हो गयी है। यूरिया की अधिकता से कार्बनिक तत्वों की कमी हो गयी है जिससे मिट्टी कड़ी होकर तेजी से अनुपजाऊ मिट्टी में तब्दील होती जा रही है। गंगा के मैदानी इलाकों समेत अधिकांश जगह उत्पादन स्थिर या नकारात्मक हो गया है। रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते दखल से कृषि की लागत में भी अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है, लिहाजा छोटे किसान खेती छोड़ रहे हैं। नाइट्रोजन की अधिकता के कारण यूरिया पर्यावरण की दृष्टि से भी खतरनाक है और हमारी आसपास की आबो-हवा को भी तेजी से बिगाड़ रहा है। जैविक खेती का यह खेल पश्चिम यानी यूरोप और अमेरिका से शुरू हुआ है। अपने यहां के पर्यावरण, जलवायु आदि को पूरी तरह बिगाड़ चुके उन देशों में जब बंजर होती भूमि और प्रदूषित होते खाद्य-पदार्थों की चिंता शुरू हुई तो उनका ध्यान खेती की परंपरागत भारतीय तरीके की ओर गया और तब रसायनमुक्त जैविक खेती का अभियान शुरू हुआ। द्वितीय विश्व युद्ध के अवशिष्ट गोला-बारूदों से बने और बाद मे वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किये गये कृषि रसायनों के हानिकारक दुप्रभावों से चिंतित इन देशों में जैविक खेती का प्रचार-प्रसार जब शुरू हुआ, तब अपने देश में उन विनाशकारी कृषि रसायनों का आगमन भी नहीं हुआ था।

यह तो देश में हरित क्रांति के नाम पर यूरोप और अमेरिका के कृषि तकनीकों की अंधी और अंधाधुंध नकल का परिणाम था कि देश में ट्रैक्टरों और कृषि रसायनों का जम कर प्रयोग शुरू हुआ। साठ के दशक में शुरू हुए इस विनाशकारी अभियान का ही परिणाम है कि आज पंजाब जैसे अत्यंत उपजाऊ राज्यों की भूमि न केवल अनुत्पादक होती जा रही है, बल्कि वहां के लोगों का स्वास्थ्य भी सोचनीय रूप से बिगड़ने लगा। स्वाभाविक ही था कि इस ओर सभी का ध्यान गया और फिर अपने देश में भी जैविक खेती का अभियान शुरू हुआ। परंतु विडंबना यह है कि यह अभियान देश के कृषि विशेषज्ञों और शोध संस्थाओं या सरकार ने नहीं शुरू किया है।...(व्यवधान) उनकी नींद तो अभी भी नहीं टूटी है। उनका जोर तो अभी भी रासायनिक खेती पर ही है। वास्तव में यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और देश के बड़े कारपोरेट घरानों ने शुरू किया है। जैविक खेती का यह खेल काफी महीन और पेचीदा है। कहने के लिए तो एक बार फिर किसानों के हित और लाभ की ही बातें कही जा रही हैं, परन्तु हकीकत यह है कि जैविक खेति के इस खेल में सबसे पीछे वही खड़ा है। यह लगभग सभी जानते और मानते हैं कि भारतीय किसान परंपरा से जैविक खेती ही करता रहा है। आज भी जहां हरित क्रांति की छाया नहीं पहुंची है, वहां किसानों की क्षमता सीमित है, वहां अभी भी किसान परंपरागत यानी जैविक तरीके से ही खेती कर रहे हैं। परंतु यह एक जैविक विडम्बना ही है कि जैविक के परिक्षेत्र में उन्हें नहीं रखा जा सकता, क्योंकि किसान जैविक का प्रमाण-पत्र हासिल करने के लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई और पैसा खर्च कर पाने में असमर्थ हैं। इसीलिए मेरा सरकार और माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि स्वदेशी जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाया जाये और मृदा परीक्षण के लिए जो सॉयल हेल्थ कार्ड योजना सरकार ने चलाई है, उसकी मदद से मिट्टी की जरूरत के हिसाब से ही रासायनिक उर्वरकों का सीमित प्रयोग करने का सुझाव दिया जाये।...(व्यवधान)

महोदय, यह तो रही उर्वरकों की बात, अब देश में जीवन रक्षक दवाओं को लेकर जो लूट मची है उस पर भी माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। आज देश में घटिया और नकली दवाओं का बाजार बहुत बढ़ गया है। अंग्रेजी दवाइयां खास कर एंटीबायोटिक के अधिक प्रयोग से मानव शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है और सामान्य जन महंगी दवाइयों के इस दुष्चक्र में फंसता चला जा रहा है जिसमें डॉक्टर, दवा कम्पनियां और व्यवसायी सभी इलाज के नाम पर उसको लूट रहे हैं। एंटीबायोटिक दवाओं के केवल साकारात्मक पक्ष ही नहीं हैं बल्कि इसके नाकारात्मक पहलू अधिक हैं। जरूरत से ज्यादा और अनियमित दवा खाने से ड्रग रेजिस्टेंट का खतरा तो है ही, इसके अलवा इंसानों में डायरिया, कमजोरी, मुंह में संक्रमण, पाचन तंत्र में कमजोरी और योनि में संक्रमण होने का खतरा अधिक हो जाता है। इसके अलावा किडनी में स्टोन, खून का थक्का बनने, सुनाई न पड़ने आदि कई गंभीर शिकायतें बढ़ जाती हैं। इससे कई लोगों को एलर्जी भी हो जाती है। प्रेगनैंट महिला और वे लोग, जिन्हें लीवर की बीमारी हो, उन्हें बिना डॉक्टरी सलाह के एंटीबायोटिक दवा नहीं लेनी चाहिए। किसी बैक्टीरिया पर बार-बार एंटीबायोटिक का हमला होता है तो कुछ समय बाद वे इसके आदि हो जाते हैं। फिर बैक्टिरिया उस एंटीबायोटिक दवा से नहीं मरते हैं। क्योंकि वे उन दवों के प्रतिरोधी बन जाते हैं। उस स्थिति में को ड्रग रेजिस्टेंस कहते हैं। वर्तमान में देश में 60,000 से ज्यादा ब्रांड नाम से दवायें बेची जा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 250 दवाओं की सूची को ही अनुमोदित किया है। एंटीबायोटिक दवाओं का अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकार होता है।

* **डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़)**ः मैं रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत अनुदान मांगों के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। आज हमारे प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी देश की कोटि-कोटि जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रात-दिन कठिन परिश्रम कर रहे हैं तथा देश किस तरह तीव्र आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर हो सके, इसके लिए वे सभी संभव रास्ते तलाशने में जुटे हुए हैं। भारत के सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी चिंताएं सर्वविदित है। माननीय श्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार देश में रासायनिक उर्वरकों की खपत तथा उपलब्धता को बढ़ाने एवं उसके द्वारा देश में अधिकतम कृषि उत्पादन हेतु अनुकूल नीतियों का अनुसरण कर रही है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सरकार उर्वरक क्षेत्र में उद्योगों को बढ़ावा देने, उनकी सहायता करने तथा पूरे देश में उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित करने का काम कर रही है। भारत सरकार ने अगले पांच वर्षों में यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर होने का लक्ष्य रखा है। यह एक आशावान लक्ष्य है। देश में साल-दर-साल बढ़ते कृषि उत्पादन और सतत खाद्य सुरक्षा फसलों के पोषण की अहम भूमिका है। संतुलित पोषण से उर्जावान खेत किसानों को अधिकाधिक उपज की भेंट देते हैं।

नाईट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश मुख्य पोषक तत्व हैं जो अधिकांश खेतों में लगाए जाते हैं। खेतों में नाईट्रोजन की आपूर्ति मुख्य रूप से यूरिया द्वारा की जाती है। भण्डारण, परिवहन और उपयोग में आसान होने के कारण यूरिया न केवल अपने देश में बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सबसे लोकप्रिय नाईट्रोजन उर्वरक है।

सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में किसानों के लिए मिट्टी की जांच की सुविधा सुलभ कर दी है। हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री जी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भी लागू की है, जिससे किसानों को अपने खेत की मिट्टी की सेहत व पोषक तत्वों की जरूरत की जानकारी हो जाएगी। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा मृदा परीक्षण की घोषणा कृषि के प्रति उनकी चिंता तथा उनकी दूरदृष्टि का परिणाम है। कृषि उत्पादन में यूरिया की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए सरकार द्वारा यूरिया के उत्पादन और किसानों तक इसकी पहुंच को आसान बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। संबंधित मंत्रालय का यह दूरगामी लक्ष्य है कि यूरिया उत्पादन के प्रयासों को प्रभावी बनाने की कड़ी में सरकार ने देश के बाहर भी यूरिया कारखाने लगाने की पहल की है। इसके तहत हाल ही में ईरान में 5000 करोड़ रूपए निवेश से यूरिया उत्पाद प्लांट की स्थापना को मंजूरी दी गई है और ईरान सरकार के सहयोग से यह प्लांट शीघ्र ही उत्पादन शुरू करेगा। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने उर्वरक उत्पादन के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अन्य कदम भी उठाए हैं, जिसके अंतर्गत एक इंटरनेट आधारित ऑनलाईन उर्वरक निगरानी प्रणाली विकसित की गयी है। इन तमाम प्रयासों का मकसद कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों को उचित कीमत पर उर्वरक उपलब्ध कराना तथा देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना है।

भारत सरकार औसत निर्माण के क्षेत्र में "मेक इन इण्डिया" के स्वप्न को साकार करने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय कर रही है। इस दिशा में सरकार ने सचिव, स्वास्थ्य और अनुसंधान विभाग की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। इस समिति का उद्देश्य इससे संबंधित विषयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करके घरेलू उत्पादन क्षमताओं को सृजित करने के लिए आवश्यक कदम उठाना है। इसके अलावा औसत क्षेत्र में गुणवत्ता, उत्पादकता और नवोत्पाद को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने तथा भारतीय औसत उद्योग को एक प्रतिस्पर्द्धी वैश्विक बाज़ार में अग्रणी भूमिका अदा करने में सक्षम बनाना है। इसके साथ ही सरकार पेट्रो रसायन क्षेत्र को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण काम कर रही है। सरकार का अनुमान है कि निकट भविष्य में इस क्षेत्र 60 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक के निवेश की जरूरत पड़ेगी और सरकार इसके लिए तैयार है। माननीय प्रधानमंत्री जी के "मेक इन इण्डिया" के आह्वान को साकार करने के लिए सरकार पर्यावरण, बुनियादी ढांचा और प्रोत्साहन जैसे संबलों के सहारे आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है।

इसी के साथ मैं सरकार द्वारा इस दिशा में किए जा रहे अतुलनीय प्रयासों के लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं तथा एक बार पुनः इन अनुदान मांगों का पुरज़ोर समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

*__SHRI G. HARI:__ The demand for fertilizer has been increasing year after year and the deficit is met with import of large quantities of fertilizers from China, etc. at the cost of our precious foreign exchange. The country is already over burdened with the huge import bill. However, the threat of withdrawal of subsidy on the use of naphtha in fertilizer plants in south India may curtail the production of urea.

A steep fall in prices of naphtha against natural gas has put three south based fertilizer firms in a fix.

They are not quite sure if the Centre will permit them to sue naphtha instead of natural gas for a longer period, especially since it has said that the subsidy for naphtha-based urea makers would come to an end soon.

The Centre is keen that they switch over to natural gas at the earliest to produce urea, to avoid huge forego by way of subsidy. The situation will turn for the worst for two of them - Madras Fertilizers Ltd. (MFL) and Southern Petrochemicals Industries Corporation (SPIC) - as they do not have access to natural gas till 2017.

Last year MFL was asked to switch over to natural gas as the cost of naphtha was high, and the Centre incurred huge expenditure by way of subsidy. But, in recent times, naphtha prices have fallen. However, they were unable to make use of the cost-advantage as the Centre is yet to spell out its decision on whether they will be allowed to operate the unit beyond the time fixed for conversion from naphtha to natural gas.

Out of the 33 fertilizer firms in the country, MFL, SPIC and Mangalore Chemicals and Fertilizers Ltd. (MCFL) are the only three fertilizer units rely on naphtha as feedstock for the production of urea as they do not have connectivity to gas grid.

The Ministry of Chemicals and Fertilizers has permitted the three naphtha fed urea production factories in the South, including Mangaluru-based Mangalore Chemicals and Fertilizers (MCF), to continue production for the next 100 days.

However, the subsidy would be paid on 'spot' RLNG price and not on naphtha price, the Ministry clarified. The units had to stop production from September 30 following the Central Government's decision not to continue payment of subsidy for naphtha-fed urea production.

Though units had geared up to produce urea from natural gas as directed by the Ministry, Government agencies were unable to supply gas, thereby, creating a deadlock. Initially fighting individually.

The workers of these three units have demanded to review the decision since workers as well as farmers were being seriously affected. In the meanwhile, the Government is considering to revive many fertilizers plants in many parts of the country which were making huge losses.

Therefore, I urge upon the Government to consider the issue of naphtha based fertilizer plants in the southern India favourably.

With this I conclude.

*__SHRI S.P. MUDDAHANUME GOWDA (TUMKUR):__ The Department of Chemicals & Fertilizers is a very important and significant Department which plays big role in the food production and manufacturing medicines and also pesticides. In the recent years, we have witnessed death of farmers due to acute shortage of fertilizers at crucial and appropriate time. The farmers in the country are now completely dependent on chemical fertilizers. Fluctuation in the prices of the fertilizers is also a serious concern. Farmers are unnecessarily put to great hardship due to variations and fluctuation in the prices of fertilizers. Small and marginal farmers are most affected due to price hike of the fertilizers. Though there are various reasons for increase in cost of fertilizers, the farmers who are completely dependent on the fertilizers are most affected.

Increase in prices of fertilizers has got direct impact on the production of food grains. The farmers will be put to great hardship, if minimum support price is not provided to the crop they grow and the food grains they produce. Hence, the Department of Agriculture, the Department of Chemicals

and Fertilizers and the Department of Industries should evolve monitoring mechanism with regard to production of chemical fertilizers and the food production.

Urea is one fertilizer which always creates problems to the farmers who require that at the proper time, since on many occasions the said fertilizer will not be provided sufficiently to the farmers. Though the Government of India has provided about 73,000 crores subsidy to the urea, there is no proper streamline of production and supply of urea to farmers at reasonable prices. Hence, the Union Government should take all precautions to see the farmers interest in safeguard.

The pharmaceutical industry which manufacture drugs is also very important, since the health of poor and middle class people is at stake. The poor people having not able to afford to pay for high cost drugs, prefer death. This is a serious matter. Government of India should ensure the poor and middle class people should get drugs particularly life saving drugs at reasonable and affordable rates. Government should also take steps to prevent and control duplicate and illegal manufacture of medicines which are detrimental to the life of poor and middle class people who are easily accessible to such medicines.

With these words I conclude.

*__SHRI D.K. SURESH (BANGALORE RURAL):__ Chemicals and Fertilizer industry is one of the significant sectors of the Indian economy. Both Industry and Agriculture are both closely associated in this sector.

Fertilizers are crucial for agricultural productivity. Farmers in recent times have been facing acute shortages of Urea and other fertilizers and also constant price fluctuation. The dependence on expensive imports for raw materials has significantly increased the prices of fertilizers. Small and marginal farmers are the most affected of higher prices for fertilizers. The recent increase in railway freight rates has had a direct impact in the increase of fertilizers by nearly 10%. The freight rate hike is directly passed on to farmers who are already suffering from delayed or unseasonal rains and unscientific Minimum Support Price (MSP).

The Union Budget of 2015-16 has allocated Rs. 73,000 crore towards Urea subsidy including Rs. 12,000 crores on imported urea subsidy. While there is no significant increase in the subsidies provided from the previous year, there has been no attempt to streamline the availability of fertilizers to the farmers at the right time. Delay in deliver and availability of fertilizers has deep impact on the farmer's crop. Non availability of fertilizers on time puts farmers under the mercy of unscrupulous black marketers who profit at the cost of the poor and marginal farmer.

As mentioned in the economic survey report, there is a need to rationalize subsidies with targeted Direct Benefit Transfer (DBT). Small and marginal farmers are the largest consumers of fertilizers, however the Union Government has not taken any steps to extend DBT of subsidies to farmers on fertilizers. The Ministry has made no real attempt at bringing transparency in fertilizer subsidy provided to manufacturers. The industries are the major beneficiaries of subsidies and the fertilizers subsidy for whom it is really meant - the farmers - are the ones who benefit from it the least. I would like to suggest that the Government should take steps to link urea subsidy with Aadhar based financial inclusion to prevent misuse of fertilizer subsidy in the country. As per the recommendations made by a Government panel, fertilizer subsidy should be given to farmers in cash and the prices of fertilizers should linked with day to day market prices.

As far as soil fertility is concerned, the Government should take steps to effective implementation of the soil health management programme in the country. There is urgent need of setting up of more soil testing laboratories in all the blocks and districts of the country. Programme of training and demonstration to farmers should be conducted in all the blocks to create awareness about the use of chemical fertilizers.

Under the soil health card scheme, the information should be made available in the regional languages to help farmers to understand the nutrient status of their soil along with recognition on appropriate dosage of nutrient for improving the soil health and its fertility. Information related crop wise soil nutrients should also be made available in the soil health cards. The funds of 23.59 crore allocated to the scheme is insufficient and it needs to be enhanced to cover all parts of the country.

Similar to the rising prices in the fertilizer industry, the pharmaceutical industry is also witnessing a rise in prices of common drugs. The price rise has to be checked in order to ensure medication is available to the poor at affordable pricing. Drugs for diabetes, cardio-vascular-diseases and cancer treatment has become prohibitively expensive. The poor have no way of affording such life saving drugs. Therefore, I urge upon the ministry to providing medicine at affordable prices in order to ensure better health of the poor and the marginalized.

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Sir, thank you very much for giving me this opportunity. Pharmaceutical, chemical, petro chemical and fertilizers are the subjects which come under this Ministry. They are very important for the nation.

Coming to pharmaceutical, what should be our motto? It is to make drugs available at an affordable rate to common people. That should be our motto. The role of the Pharmaceutical Pricing Authority has been a controversial subject recently. I do not want to enter into that. The Government should come forward to extend price cap on all the drugs. That is my simple suggestion.

There is an allegation that some pharmaceutical giants are creating artificial scarcity of certain life-saving drugs with some business motives. The Government should check it and arrest such tendencies. The Government should swiftly act on these kinds of situations.

Coming to chemical and fertilizer, the Standing Committee has observed: "The Department of Fertilizer should build an institutional mechanism to monitor the movement of fertilizers under the de-controlled regime ensuring timely supply of adequate quantity of fertilizers at the

affordable prices to the farmers even in the remotest areas of the country. Precautionary measures also need to be taken to check the companies from engaging in evil practices of undue profiteering. This should be considered very seriously."

Chemical and fertilizer is the most important sector for the nation. But we should not forget the fact that it is very useful for the economic development of the nation. If it is not wisely used then that may create havoc in the country. The concepts like the liberalised view, ease investment, make in India are very good. But we have to be very careful in handling these concepts. These are like a double edged weapon. We have to be very cautious and we have to be very careful in handling that kind of a situation.

I would like to make a caution that chemical industry is really in a very difficult situation. Developed countries are having a plan to treat India as a dumping market. These developed countries treat the third world countries as the dumping market. We have to be very careful about this thing also.

Direct Foreign Investment is very good. But Direct Foreign Investment should not be allowed to become an indirect foreign invasion. On that we should be very careful.

Similarly, regarding the proposed National Chemical Policy, which I think, is under the process of the Government of India, I suggest that we must have threadbare discussion on this Policy. Now, chemicals and petro-chemicals are the fastest growing industry in India. But it should be coupled with environmental sustainability. That is also a very serious aspect.

Another point which I want to make is about the plastic industry. Plastic parks are being opened in some States like Madhya Pradesh, Odisha, Assam and Tamil Nadu. The Government should be kind enough to start such a plastic park in Kerala also.

Another suggestion that I would like to make is that we must encourage innovative methods of developing boi-degradable polymer and plastic. That is a new area in this industry.

About fertilizers, we all know that our learned friends were talking about that. We have to travel miles together because we have to ensure adequate supply of fertilizer at affordable prices.

Sir, today, this House witnessed a stormy scene in the morning about suicide and other problems being faced by the farmers. We have to be very careful on this subject. We were saying about the shortage of urea. That is a burning problem in our country. We are having a wide gap between demand and supply. We must ensure that adequate urea is supplied to the farmers at subsidised rates. Further, farmers are compelled to purchase urea at a price 300 per cent higher than the subsidised rate fixed by the Government. So, the Government should act on a war-footing to arrest this kind of a tendency also.

Towards the end, I would like to make one point. We must take care of the workers working in the chemical industries. I myself was a trade union worker. I worked in a chemical industry. The plight of the workers working in the industries exposed to chemicals is rather painful because health risk is there. All kinds of occupational diseases are also taking place. So, the Government should chalk out a programme of action for the safety of the industrial workers, especially the workers working in the chemical industries.

With these few words, I conclude. Thank you very much.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, धन्यवाद। देश में 70 फीसदी किसान हैं। किसान भरपूर मात्रा में खेतों में रासायनिक खादों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। पिछले कई वर्षों से हम रासायनिक खादों पर निर्भर हो गए हैं, खेतों को भी रासायनिक खादों की आदत हो गई है। हमने रासायनिक खादों का प्रयोग करके उत्पादन बढ़ाने का काम किया है। दूसरी तरफ हमारे खेत निरंतर बंजर बनते चले गए भूमि दूषित होती गई और खेत के जीवाणु-मित्र समाप्त होते चले गए। जिसका प्रभाव आम जन-जीवन पड़ा। इसका प्रभाव न केवल जीव-जन्तुओं पर पड़ा बल्कि मनुष्यों पर भी पड़ा। रासायनिक खादों का प्रयोग करने से भूजल आर्सेनिकयुक्त हो गया है। किसानों को रबी और खरीफ की बुआई के समय खाद की आवश्यकता होती है। पिछले सत्र में कई सदस्यों ने मंत्री जी के समक्ष इस मुद्दे को उठाया था। कई प्रदेशों में खाद की बहुत कमी है। हम किसानों को समय पर खाद मुहैया नहीं करा पा रहे हैं। खाद का वितरण करने के लिए जिम्मेदार एजेंसियों का जोर इस बात पर रहता है कि कैसे इसकी कालाबाजारी की जाए। अगर किसी जगह ट्रेन से खाद पहुंचाने में 9 घंटे का समय लगता है वहीं खाद से लदी रेक को घुमा-घुमा कर 60 घंटे में ले जाया जाता है, इसकी निगरानी करने वाला कोई नहीं है। हमारे संसदीय क्षेत्र से लगा हुआ मित्र देश नेपाल है। वहां खाद की तस्करी होती है। यहां यूरिया 3,360 रुपये प्रति टन बिकती है वहीं नेपाल और आसपास के देशों में 22,000 रुपये प्रति टन बिकती है। इसमें सुधार लाने की आवश्यकता है। इसके लिए कोई कठोर कदम उठाने की जरूरत है। यहां पर रासायनिक और उर्वरक मंत्री जी बैठे हुए हैं। इन्होंने बहुत ही सराहनीय काम किया है, जिससे आने वाले समय में 90 लाख टन खाद का अतिरिक्त प्रोडक्शन होगा। मैं यह कह सकती हूं कि हमारी जो बहुत सारी यूनिट्स बंद पड़ी हैं, उनकी तरफ माननीय मंत्री जी का ध्यान गया है। उनके अतिशीघ्र चलने से हमारे देशवासियों का लाभ होगा। बहुत सारी यूरिया यूनिट्स रिवाइव होंगी, जिससे हमें बहुत फायदा होने वाला है। देश में हर साल कृषि उत्पादन में खाद्य सुरक्षा में फसलों के पोषण की अहम भूमिका होती है, लेकिन खेतों में अगर हम हरी खाद और जैविक खाद का उपयोग करें, तो वह हमारे लिए ज्यादा उपयोगी होगा और हमारी मृदा को भी शक्ति मिलेगी।

उपाध्यक्ष महोदय, रासायनिक खाद पर सभी सांसदों ने अपने-अपने सुझाव दिये हैं। लेकिन माननीय मंत्री ने जनता के बीच खाद को सुलभ कराने का बहुत अच्छा तरीका ढूंढ़ रखा है, जिसका हमें आने वाले समय में लाभ मिलेगा। मैं फिर भी माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगी कि हमारा भारत देश परम्पराओं और जैविक खादों पर निर्भर रहा है। मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगी कि जीरो लागत से कैसे अच्छी फसल पैदा की जा सकती है। एक देसी गाय के गोबर से तैयार खाद से हम सभी लोग एक एकड़ से 30 एकड़ की खेती कर सकते हैं। ...(व्यवधान) इस विधि द्वारा कम लागत में अच्छी फसल तैयार की जा सकती है। यह पद्धति बड़ी ही सरल है। इसे बनाने के लिए एक क्विंटल गोबर, दो किलो बेसन या कोई भी दलहन का आटा, दो किलो गुड़, 50 ग्राम चूना और 100 ग्राम पीपल या बरगद के जड़ की मिट्टी को पांच लीटर गौमूत्र, जो आसानी से मिल जाता है, में 48 घंटे तक मिलाकर रखा जाता है। इस 100 ग्राम गोबर में एक से लेकर 300 करोड़ जीवाश्म होते हैं, जैसा एक छोटा सा चम्मच दही बहुत सारे दूध को जमा देता है, उसी तरह ये छोटे-छोटे जीवाणु जब आप अपने खेत में डालते हैं और नालियों से पानी जाता है, तो उस खाद के उपयोग से जो उत्पादन होता है, वह बहुत स्वास्थ्यवर्धक होता है। दूसरा, हमारा उत्पादन बहुतायत में होता है और तीसरा, हमारे खेत के मित्र जीव-जन्तु, जैसे केंचुआ और तमाम कीड़े मकौड़े हैं, जो खेतों की उर्वरा शक्ति और उत्पादन बढ़ाते हैं, उनको बढ़ाने का काम करती है। ...(व्यवधान)

मान्यवर, यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। ...(व्यवधान) मेरी बात तो आने दीजिए। ...(व्यवधान)

आप मेरी बात सुन लीजिए। यह खाद रासायनिक खादों से अलग हटकर है। दूसरा, एक जीव अमृत सूक्ष्म जीवाणुओं का महासागर है, जो पेड़-पौधों के लिए कच्चे पोषक तत्वों को पकाकर भोजन तैयार करता है। इसके बनाने के लिए पांच से दस लीटर गौमूत्र और एक किलो गोबर देसी गाय का ...(व्यवधान) आप देखिये कि कितना अच्छा स्वास्थ्यवर्धक ...(व्यवधान) यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। आप मुझे बोलने का अवसर दीजिए। ये तमाम बातें बिल्कुल अलग हटकर हैं। जो परम्परागत खेती है ...(व्यवधान) आप मुझे बोलने के लिए अवसर दीजिए। ...(व्यवधान)

*__SHRI B.N. CHANDRAPPA (CHITRADURGA)__: At the outset I would like to mention that the Chemical and Fertilizers industry is one of the significant sectors of the Indian economy. It associates both with industries and agriculture sector. So it plays a vital role in the growth of the Indian economy. The Union Budget for the year 2015-16 has allocated Rs. 73,000 crore towards urea subsidy including Rs. 12,000 crore on imported urea subsidy.

I would like to point out the farmers in the country are facing huge shortage of urea. They are forced to purchase urea from black market at exorbitant prices. This will put farmers in a distress situation as they have been facing financial crisis to meet the cost of various other farm inputs for agriculture activities.

As it has been mentioned in the Economic Survey report, there is a need to rationalize subsidies with targeted District Benefit Transfers (DBT). But the Union Government has not taken any steps to extend the DBT to subsidies given to farmers on fertilizers. This is very much needed to curb the black market and urea smugglers.

As far as soil fertility is concerned, the Government should take steps for effective implementation of the soil health management programme in the country. There is urgent need for setting up of more soil testing laboratories in all the blocks and districts of the country. A programme of training and demonstration to farmers should be conducted in all the blocks to create awareness about the use of chemical fertilizers.

Under the soil health card scheme, the information should be made available in the regional languages to help farmers to understand the nutrient status of their soil along with recognition on appropriate dosage of nutrient for improving the soil health and its fertility. Information related to crop wise soil nutrients should also be made available in the soil health cards.

A fund of Rs. 23.59 crore is allocated to the scheme but it needs to be enhanced to cover all parts of the country with the time frame as it requires more manpower and testing equipment to complete the job. On the other hand farmers are not provided urea at subsidized prices. The Government has failed to check the incidents of smuggling the urea in the country. Therefore I urge upon the Government to put a transparent mechanism in place to plug the loopholes in the urea production and distribution system. I would like to suggest that the Government should take steps to link urea subsidy with Aadhar based financial inclusion to prevent misuse of fertilizer subsidy in the country. As per the recommendations made by a Government panel, fertilizer subsidy should be given to farmers in cash and the prices of fertilizers should be linked with day to day market prices.

With these words, I conclude my speech.

ओश्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) :, मैं माननीय मंत्री अनंत कुमार जी को धन्यवाद दूंगा कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने स्वदेशी उर्वरकों पर सब्सिडी 2013-14 की तुलना में 40औ वृद्धि की । मैं धन्यवाद देना चाहूंगा कि उर्वरक विकास के लिए अनुसंधान योजनाओं पर ध्यान गया है। देश के लिए प्रसन्नता का विषय है कि लंबे समय से बंद पड़े खाद (फर्टिलाइजर) कारखाने जिनमें देश का अरबों रूपये के संसाधन जाम पड़ा है । माननीय अनंत कुमार जी ने व्यक्तिगत रूचि लेकर उनमें से 6 बंद कारखानों को रिवाईव करने का मन बनाया है । लंबे समय से यूरिया का कृषि के अतिरिक्त यूज़ हो रहा था मगर अब नीम जनित यूरिया के ऊपर से पाबंदी हटा कर निश्चित रूप से देश को कृषकों की बहुत कृपा होगी । अब देश लाखों टन यूरिया खाद नीम जनित उत्पादन कर सकेगा । माननीय मंत्री जी ने खाद के नए कारखाने प्रारंभ हो उसका भी सराहनीय प्रयास किया है । मैं स्वयं श्री गोस्वांवित हूं कि मेरा प्रदेश (म.प्र.) भी मंत्रालय की इक्विटी पार्टनरशिप योजना का अंग बनने हेतु आगे आया है । मैं मंदसौर संसदीय क्षेत्र से खाद उत्पादन वृद्धि हेतु नई यूनिट प्रारंभ हो ऐसी अपेक्षा रखूंगा ताकि क्षेत्र के व्यक्तियों के रोजगार वृद्धि के प्रयास सफल हो । कृषकों ने कृषि कर्मणा पुरस्कार हेतु अभिनव प्रयास किया उनका सम्मान हो ।

---

* Speech was laid on the Table

*SHRI V. ELUMALAI (ARANI): The demand for fertilizer has been increasing year after year and the deficit is met with import large quantities of fertilizers from China, etc, at the cost of our precious foreign exchange. The country is already over burdened with the huge import bill. However, the threat of withdrawal of subsidy on the use of naphtha in fertilizer plants in south India may invite curtail of production or urea.

A steep fall in prices of naphtha against natural gas has put three south-based fertilizer firms in a fix.

They are not quite sure if the Centre will permit them to use naphtha instead of natural gas for a longer period, especially since it has said that the subsidy for naphtha-based urea makers would come to an end soon.

The Centre is keen that they switch over to natural gas at the earliest to produce urea, to avoid huge forego by way of subsidy. The situation will turn for the worst for two of them- Madras Fertilizers Ltd. (MFL) and Southern Petrochemicals Industries Corporation (SPIC) - as they do not have access to natural gas till 2017.

Last year, MFL was asked to switch over to natural gas as the cost of naphtha was high, and the Centre incurred huge expenditure by way of subsidy. But, in recent times, naphtha prices have fallen. However, they were unable to make use of the cost-advantage as the Centre is yet to spell out its decision on whether they will be allowed to operate the unit beyond the time fixed for conversion from naphtha to natural gas.

Out of the 33 fertilizer firms in the country, MFL, SPIC and Mangalore Chemicals and Fertilizers Ltd. (MCFL) are the only three fertilizer units rely on naphtha as feedstock for the production of urea as they do not have connectivity to gas grid.

The Ministry of Chemicals and Fertilizers has permitted the three naphtha fed urea production factories in the South, including Mangaluru-based Mangalore Chemicals and Fertilizers (MCF), to continue production for the next 100 days.

However, the subsidy would be paid on "Spot" RLNG price and not on naphtha price, the Ministry clarified. The units had to stop production from September 30 following the Central Government's decision not to continue payment of subsidy for naphtha-fed urea production.

Though units had geared up to produce urea from natural gas as directed by the Ministry, government agencies were unable to supply gas, thereby, creating a deadlock. Initially fighting individually.

The Budget has made a provision of Rs. 2,43,810.98 crore for 2015-16, which below the revised estimates of Rs. 2,66,691.84 crore for the current fiscal. But this reduction is entirely on account of petroleum subsidy.

Therefore, I urge upon the Government to consider the issue of naphtha based fertilizer plants in the southern India favourably.

.

*SHRI CHARANJEET SINGH RORI (SIRSA): Hon'ble Deputy Speaker Sir, today, we have discussed the issue of non-availability of fertilizers in this august House. In the last 4-5 years, farmers have faced an acute shortage of fertilizers. It has affected the production of food-grains too which has declined.

Hon'ble Members belonging to various states have raised this issue and expressed their concern. Sir, in Haryana, the farmers grow wheat, black gram, cotton, rice etc. Good quality fertilizers are not available here. The paucity of fertilizers had an adverse impact on the production of food-grains. Long queues could be seen outside ration-shops where fertilizers were being sold last year. Ration-card was needed for the purchase of fertilizers.

Sir, this year also, we are facing a lot of problems due to non-availability of fertilizers. The crops of wheat, cotton and rice need fertilizers.

So, I urge upon the Hon'ble Minister to kindly make available adequate stock of fertilizers for the crops this year. There is only one fertilizer-producing plant in Haryana. More such plants are needed at Sirsa and Hisar. I appeal to the Government to accept the genuine demands of the farmers.

---

*English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

ओश्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : खाद और खाद्य सुरक्षा दोनों परस्पर संबद्ध विषय है। पूरे विश्व में रासायनिक खादों व जैविक खादों की श्रेष्ठता पर बहस लंबे समय से चल रही है। मैं भी व्यक्तिगत रूप से इस पक्ष का हूं कि जैविक खाद निश्चित रूप से श्रेष्ठ है तथा भूमि की उर्वरा शक्ति के दीर्घकालिक संवर्द्धन के लिए निश्चित रूप से अधिक सहयोगी है। सरकार को, जनता को इसकी श्रेष्ठता से अवगत कराते हुए इसके प्रयोग के लिए प्रेरित करना आज समय की मांग है। यह न केवल देश की भूमि की उर्वरा शक्ति के पुर्नस्तंभन के लिए आवश्यक है वरन् देशवासियों के

स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है।

पिछले कई दशकों से रासायनिक खादों के आयात व इसमें दी जा रही सब्सिडी से देश की अर्थव्यवस्था पर जो बोझ बढ़ता जा रहा है मैं स्वागत करना चाहता हूं कि माननीय रसायन व खाद मंत्री जी का कि उन्होंने प्रधानमंत्री जी की इस संकल्पना, कि देश को आगामी पांच वर्ष में हम यूरिया के विषय में आत्मनिर्भर बना देंगे। इस बजट के माध्यम से हमने इस दिशा में सराहनीय कदम आगे बढ़ाया है। इससे हमारे "मेक इन इंडिया" के संकल्प को बल तो मिलेगा ही लेकिन साथ ही साथ हम अरबों रूपये की विदेशी मुद्रा को भी इस आत्मनिर्भरता के साथ बचा सकेंगे। जिससे देश की अर्थव्यवस्था एवं विकास को संबल मिलेगा।

इस विषय पर चर्चा करते समय यह भी अप्रासंगिक नहीं होगा कि रासायनिक खादों के साथ-साथ हमें केमिकल फर्टिलाइजर्स के साथ-साथ सिंथेटिक पेस्टिसाइड के अंधाधुंध उपयोग पर भी अंकुश लगाना ही होगा।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने सॉयल हेल्थ कार्ड नामक परियोजना प्रारंभ करते हुए मृदा संरक्षण संबलन की ओर पहला सराहनीय कदम बढ़ाया है। हमें जैविक खादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे किसान जो जैविक खेती करते हों को अधिक सब्सिडी तथा उनकी उत्पाद का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी अलग व अधिक दर से निर्धारित करने की आवश्यकता है।

देश संक्रमण के काल से गुजर रहा है तथा ईश्वर की कृपा से देश को ऐसे युगदृष्टा, दूरदर्शी व राष्ट्रवादी नेतृत्व मिला है। हमें संसद में इस पर और अधिक गहन मंथन करते हुए देश में इस समय रासायनिकसे जैविक की ओर जाने के लिए वायुमंडल निर्माण करने की आवश्यकता है।

---

* Speech was laid on the Table

DR. MAMTAZ SANGHAMITA (BARDHMAN DURGAPUR): Hon. Deputy Speaker, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak on the Demands for Grants of the Ministry of Chemicals and Fertilizers.

We all know that Gandha Madan Parbat in the Himalayas is a rich source of medicinal plants. Mongpu, Rangat and Lutpuncture in the Himalayan Range of West Bengal are also rich sources of medicinal plants where there are Government Medicinal Plant Farms growing cinchona which is used as anti-malarial drug and nayantara varebiz which is an anti-cancer drug. I would earnestly request the Government to give special grants to these farms for their improvement and for establishing newer Drug Research Centres and Medicinal Factories.

Morphine in various forms like tablet and injection is the cheapest source of sedatives which are used in treatment of acute pain, heart attack, pregnancy and during labour pain. It comes from poppy seeds which grow in abundance in Northeast, especially in Manipur and also in parts of West Bengal. I would request the Government to take initiative to increase its production. This drug is always under the control of the Government. We need to increase its supply and for this we require establishment of medicinal factories in those areas.

Sir, Bengal Immunity is an age old factory with its main centre at Kolkata and it has its branches all over India including South India, West India and North India. Now this unit is at the verge of closure. I would earnestly request the Government to kindly look into the matter and try to revive this company so that it can supply medicines at cheaper cost.

Then, during *Swadeshi Andolan* some local medicinal company was established under the initiative of great scientists like Acharya Jagadish Chandra Bose and Acharya Prafulla Chandra etc. like Bengal Chemical and Deb Medicals etc.They are also on the verge of closing down. The Central Government should kindly look into the matter and do something for their revival.

A very important drug, Magsulph is a life-saving cheap drug for treating eclampsia which is a life-threatening pregnancy condition of the mother. It is almost one of the first causes of maternal mortality. But we do not get its supply regularly. It is really made in India. So we need an initiative for supply of this drug throughout Bengal up to the health centres. Thank you, Sir.

ओश्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : मैं रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा रखे गए अनुदानों की मांगों का समर्थन करते हुए अपना विचार रखना चाहता हूं।

रसायन उद्योग जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित करने वाला भारतीय उद्योग का अभिन्न अंग है। इसके अंतर्गत रसायन और इसके उत्पाद, पेट्रोरसायन उर्वरक, पेंटस एवं वर्निस, गैस, साबुन, परफ्यूम एवं टॉयलेटरीज और औषधी आते हैं। वहीं पेट्रोरसायन जिसमें प्लास्टिक एवं अन्य रसायन शामिल है, औद्योगिक विकास के लिए कच्चा माल उपलब्ध करता है। जिसकी जरूरत सूचना प्रौद्योगिकी, बिजली, वस्त्र, कृषि, आधारभूत संरचना, दूरसंचार इत्यादि में होती है।

केन्द्र सरकार पेट्रोरसायन के क्षेत्र में निकट भविष्य में 60000 करोड़ निवेश करने की योजना पर काम कर रही है। पेट्रो रसायन का क्षेत्र प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के "मेक इन इंडिया" के आह्वाहन को साकार रूप देने की दिशा में अग्रसर है। इसको कार्यरूप देते हुए मंत्रालय ने पेट्रोलियम, रसायन एवं पेट्रो रसायन क्षेत्र को समेकित एवं पर्यावरण अनुकूल एकात्म अप्रोच के माध्यम से संवर्द्धित और उन्नयन का काम आरंभ किया है। पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) के अंतर्गत गुजरात के दाहेज और भरूच, आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम-काकीनाडा, ओडिशा के पारादीप और तमिलनाड़ के कुड्डालोर-नागापट्टिनम में कार्य चल रहा है। चारो पीसीआईआर मिलाकर लगभग 34 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन होगा। जो भारतीय औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार की दृष्टि से माइल-स्टोन होगा। इन परियोजनाओं से अब तक 2 लाख 23 हजार रोजगार के नए अवसरों का सृजन हो चुका है। इनमें अब तक एक लाख 60 हजार करोड़ रूपये का निवेश हो चुका है जबकि प्रस्तावित निवेश का आंकलन लगभग 7 लाख 63 हजार करोड़ रूपये है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने युवाओं को रोजगार की दृष्टि से समर्थवान बनाने के लिए सेंट्रल इंस्टीटयूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) का विस्तार कर 100 की संख्या तक पहुंचाया है। इससे पूरे देश में रसायन और पेट्रोरसायन के क्षेत्र मं काम करने वाले युवाओं को अवसर प्राप्त होगा। साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सुदृढ़ और संवर्द्धित करने की दृष्टि से प्लास्टिक पार्कों की स्थापना की है।

---

* Speech was laid on the Table

मैं माननीय मंत्री, रसायन और उर्वरक मंत्रालय से आग्रह करूंगा कि एससीएसपी (स्पेशल कंपोनेंट सब प्लान) एवं टीएसपी (ट्राइबल सब प्लॉन) के तहत जो उनका विभाग महिलाओं, अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति इत्यादि को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहा है उसके अंतर्गत झारखंड पर भी ध्यान देने की कृपा करें । झारखंड में आबादी का 26औ अजजा और 12औ अजा की आबादी है । फिर उनमें विभाग का कोई उपक्रम भी झारखंड में नहीं है । अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि झारखंड राज्य का चतरा, लातेहार और पलामू अत्यंत पिछड़ा एवं अजजा और अजा बहुल क्षेत्र हैं वहां सिपेट का केन्द्र खोलने के साथ ही प्लास्टिक पार्कों की स्थापना हेतु भी कदम उठायें ।

मंत्रालय द्वारा "फार्मा जन समाधान" योजना की शुरूआत आम आदमी के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है । इससे जहां एक ओर दवाओं की कीमतों एवं उपलब्धता संबंधी शिकायतों का निवारण होगा वहीं दूसरी ओर कालाबाजारी, घटिया और नकली दवाओं की बिक्री एवं दवाओं की अनाप-शनाम कीमतों पर भी लगाम लगेगा । मंत्रालय द्वारा आम जनता को सस्ती और बेहतर दवा उपलब्ध कराने के लिए देशभर में तीन हजार जन-औषधि केन्द्र खोले जाने की घोषणा का स्वागत है । मैं मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि झारखंड में चतरा, लातेहार, पलामू और गढ़वा जिले में भी "जन औषधि केन्द्र खोलने के लिए विभाग को निर्देशित करें । साथ ही औषध निर्माण क्षेत्र में "मेक इन इंडिया" के स्वप्न को साकार करने के लिए झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को प्राथमिकता दें ।

झारखंड के सिंदरी में एफसीआई का यूरिया उत्पादन प्लांट जिसकी क्षमता 330 हजार टन थी, मार्च 2002 से बंद पड़ा है । कृपाया इसे पुनः शुरू करने की दिशा में सकारात्मक पहल करें ।

झारखंड में यूरिया का निर्धारित कोटा अत्यंत कम है और निर्धारित मात्रा से कम सप्लाई भी होता है । अतः मांग के अनुरूप यूरिया और अन्य उर्वरकों की मात्रा निर्धारित कर किसानों को राहत देने का काम करें । मृदा की गुणवत्ता बनाए रखने की दृष्टि से झारखंड के नीम कोटेड यूरिया की मात्रा में वृद्धि करें ।

देश की खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादन की दृष्टि से पिछड़े राज्यों के किसानों को उचित कीमत पर यूरिया और अन्य उर्वरक उपलब्ध हो । साथ ही देश पर आयात का बोझ भी न पड़े । इसके लिए "मेक इन इंडिया" नीति के तहत झारखंड जैसे राज्य में उर्वरकों की उत्पादन हेतु इकाइयों का निर्माण हो ।

मेरा मंत्री जी से आग्रह होगा कि खाद पर दी जाने वाली सब्सिडी सरकार सीधे किसानों के बैंक खाते में जमा कराने की योजना को शीघ्र ही मूर्त रूप देने का प्रयास करें । साथ ही खाद वितरण की व्यवस्था को सुचारू और सुगम बनाने की दृष्टि से राज्यों, संबंधित परिवहन एजेंसी और विपणन से जुड़े संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करनें की दृष्टि से केन्द्रीय स्तर पर पहल करें और खाद वितरण के लिए ठोस नीति निर्धारित करें ।

डॉ. बंशीलाल महतो (कोरबा) : माननीय उपाध्यक्ष जी, सबसे पहले मैं हमारे मोदी जी को और रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री श्री अनंत कुमार जी को तथा अहीर जी को धन्यवाद देता हूं। मैंने जुलाई अगस्त में जिस बात के लिए उनको कहा था, उसको उन्होंने पूरा किया। उन्होंने मेरे क्षेत्र का जाकर निरीक्षण किया। मैं कोरबा लोक सभा क्षेत्र छत्तीसगढ़ से आता हूं। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। वहां उर्वरक के कारखाने का 1973 में शिलान्यास रखा गया था लेकिन पूर्व की सरकार ने उसको वाइंड-अप कर दिया। वर्तमान सरकार उसको पुनर्जीवित करने जा रही है। डा. दो प्रकार के होते हैं- सुपर स्पेशलिस्ट और स्पेशलिटी वाले लेकिन हमारे दोनों मंत्री एक सुपर स्पेशलिस्ट हैं और दूसरे स्पेशलिटी डिग्री वाले हैं। इन दोनों को मैं धन्यवाद देता हूं।

दूसरे, मैं यह दवाइयों का डिब्बा लेकर आया हूं। मैं एक चिकित्सक हूं। मैं किसान तो हूं। मैं इंटीग्रेटेड सिस्टम का चिकित्सक हूं जिसमें एलोपैथिक और आयुर्वेदिक दोनों का मुझे ज्ञान है।...(व्यवधान) सर, हमें जेनरिक मेडिसिन्स पर ध्यान देना पड़ेगा। उसकी मैन्युफैक्चरिंग डेट पर ध्यान देना पड़ेगा। आज सभी सांसद जेनरिक मेडिसिन्स की बात करते हैं।...(व्यवधान) मैं यहां यह बताना चाहता हूं कि जेनरिक मेडिसिन में गुण है लेकिन उसमें मार्जिन, डिफरेंस कम से कम 300-400 प्रतिशत का है। इस बात का ध्यान रखा जाए। धन्यवाद।

ओश्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी) : मैं इस देश के प्रधानमंत्री को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने इस विषय में सीधा किसानों के खाते में सब्सिडी पहुंचाने के लिए अपनी संसदीय क्षेत्र बाराबंकी की ओर से आपका धन्यवाद । अध्यक्ष जी, हम सभी जानते हैं कि रसोई गैस की तरह ही उपभोक्ताओं को सीधे दी जाने वाली सब्सिडी अब सीधे किसानों के खाते में जमा कराने की तैयार भारत सरकार करने जा रही है । जो कालाबाजारी पर रोक लगाने में एक सफल कदम होगा और दूसरी तरफ रेल के डिब्बे में खाद भरने और खाली कराने में नौ घंटे का समय लगता है लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार में 60 घंटे का समय लगता है यह सोचने की बात है । यह राज्यों में सौदेबाजी के कारण है । रबी और खरीफ दोनों सीजन में भारत सरकार ने मांग के मुताबिक पर्याप्त खाद मुहैया करायी थी । 23 लाख टन यूरिया भारत 3360 रूपये प्रतिटन बिकता है । दूसरे देशों में लगभग 22 हजार रूपये प्रतिटन बिकता है । जिसकी तस्करी हमारे पड़ौसी राज्य नेपाल को होती है । माननीय सभापति जी, खेतों में नाइट्रोजन की आपूर्ति के रूप में यूरिया नाम उर्वरक द्वारा की जाती है । यूरिया में 46औ नाइट्रोजन मौजूद होता है जिससे फसल की उत्पादकता बढ़ती है । किसान यूरिया का इस्तेमाल जरूरत से अधिक मात्रा में करते हैं जिससे नाइट्रोजन हवा में उड़ जाता है । यूरिया सिंचाई के पानी के साथ बहकर आसपास के भूजल को प्रभावित करता है जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है । माननीय सभापति जी, एक किसान का जीवन पूरा उसकी खेती पर टिका होता है । पूरे परिवार का भरण-पोषण सब कुछ, उस किसान का पूरा जीवन उसकी खेती और यूरिया के ऊपर निर्भर रहता है ।

यह विषय और समस्या मेरे बाराबंकी की नहीं पूरे देश की चिंता का विषय बन गया है । इसके लिए मैं कुछ सुझाव देना चाहती हूं । जो उर्वरक बिक्री केन्द्र, केन्द्र उर्वरक की दुकानों के रूप में राज्यों में कृषि विभाग की निगरानी में खोली जाती हैं कृषि विभाग द्वारा उर्वरक बिक्री के लिए जो लाइसेंस जारी किए जाने वाले अधिकारी लेने वाले व्यक्ति से स्थित के रूप में मोटी रकम वसूल करते हैं । जिसके कारण लाइसेंस धारक पहले दिन से ही उर्वरक की कालाबाजारी शुरू कर देता है । किसानों को खाद उर्वरक पर दी जाने वाली सब्सिडी उर्वरक कारखानों के बजाय सीधे किसानों को दी जाए तो किसानों को उनका सीधा लाभ होगा और काले बाजारी से भी मुक्ति मिलेगी । मेरा सरकार से निवेदन है ।

---

* Speech was laid on the Table

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना) : माननीय उपाध्यक्ष जी, सबसे पहले मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया है। मिनिस्ट्री का मुख्य उद्देश्य सारे देश के

किसानों को खाद समय से पहुंचाना है। हालांकि पिछले कुछ सालों से देश में फर्टिलाइजर के प्रोडक्शन और कंजम्पशन दोनों में भारी बढ़ोतरी हुई है। मगर इम्बैलैंस्ड फर्टिलाइजेशन और देश में माइक्रो और स्कैंड्री न्यूट्रेन्ट्स की भारी कमी की वजह से जमीन की उपजाऊ क्षमता में भारी कमी आई है। देश में खाद्यान्न में कमी न आए, इसके लिए एडवांस्ड प्लानिंग जरूरी है। उसके साथ साथ फर्टिलाइजर्स, बीज और पानी का सही मात्रा में इस्तेमाल किया जाए जिससे खेती की पैदावार बढ़ सके, यह भी जरूरी है। अपनी जमीन की उपज शक्ति बढ़ाये रखने के लिए किसान को नाइट्रोजन, फोसफोरस, पोटेशियम, जिंक, आयरन और मैंगनीज का इस्तेमाल करना जरूरी है। मैं यह नहीं कहूंगा कि सरकार इसके ऊपर ध्यान नहीं दे रही है। लेकिन मंत्री जी इस पर और अधिक ध्यान दें, यह भी जरूरी है। हम उन राज्यों की बात करें जहां धान और गेहूं होता है। इन राज्यों में एनपीके 600-700 के.जी. प्रति हेक्टेअर इसकी जरूरत है पर जो पंजाब की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना में है, उसकी सर्वे रिपोर्ट के अनुसार जो 600- 700 के.जी. एन.पी.के. हमें प्रति हेक्टेअर में यूज करना चाहिए, आज की तारीख में किसान 390 हेक्टेअर ही इस्तेमाल कर रहा है क्योंकि यह मिल नहीं रहा है शायद इसका हम इम्पोर्ट कम कर रहे हैं। कहीं न कहीं इसकी दिक्कत है जो हमारे सामने आ रही है। हमें खतरा यह है कि जो उपजाऊ जमीन है, उसकी क्षमता कम न हो, इसका ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है।

महोदय, अगर एनपीके और डीएपी के बजट एस्टीमेट्स में सब्सिडी की बात करूं। वर्ष 2013-2014 में बजट एस्टीमेट 29300.52 करोड़ रुपए था, लेकिन अगर वर्ष 2015-2016 की बात करूं तो यह 22468.58 करोड़ रुपए है। मैं कहना चाहता हूं कि रिवाइज्ड एस्टीमेट में कम सब्सिडी न जाए। यह अभी भी कम है इसे और बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि यह बहुत जरूरी है। अगर हम डीएपी की कुल लागत की बात करें तो 70 परसेंट हम इम्पोर्ट करते हैं। किसान को गेहूं की फसल के लिए डीएपी की साल में एक बार जरूरत पड़ती है। इससे दाना मोटा होता है इसमें जो फासफेट है वह पानी में जल्दी मिक्स नहीं होता है। गेहूं के बाद अगर किसान कोई दूसरी फसल बोता है, तो उसमें डीएपी काम आ जाती है। जैसे एनपीके के ऊपर सरकार ध्यान नहीं दे रही और डीएपी जिसकी किसान को साल में एक बार जरूरत पड़ती है, जब इनकी उपलब्धता नहीं होती तो किसान को मुश्किल होती है।

महोदय, हम एमओपी फर्टिलाइजर यूज करते हैं। यह फर्टिलाइजर भी उतना ही जरूरी है जितना कि एनपीके और डीएपी है। हमें इसे ज्यादा इम्पोर्ट करना चाहिए। अगर हम बजट में इसके ऊपर भी ध्यान दें तो फसल बहुत बढ़ाई जा सकती है लेकिन अभी बजट में इसके ऊपर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं कि हम यूरिया पर सब्सिडी बढ़ा रहे हैं लेकिन डीएपी और एनपाके के ऊपर सब्सिडी लगातार कम हो रही है। आज डीएपी का 50 किलो का बोरा 1210 रुपए का है और एनपीके का 1060 रुपयों का है जबकि 280 रुपए का यूरिया का बोरा है। यूरिया सस्ता होने की वजह से किसान ज्यादा इस्तेमाल करता है। सभी सांसदों ने यह बात कही है कि यूरिया की किल्लत सारे देश में है। जब दूसरा फर्टिलाइजर नहीं मिलेगा, तो यह स्वाभाविक है कि यूरिया सस्ता होने की वजह से किसान उसका ज्यादा उपयोग करता है। जिससे सोइल की क्वालिटी कमजोर हो रही है।

माइक्रोन्यूट्रेन्टस की बात करना चाहता हूं। जब हम गेहूं बोते हैं तो सल्फर और मैग्नीज की जरूरत पड़ती है। यदि हम धान बोते हैं तो आयरन और जिंक की जरूरत होती है। दोनों की क्वालिटी बेहतर करने के लिए माइक्रो न्यूट्रिएंट्स की बात तो करते हैं और रिसर्च भी होती है, लेकिन यह सब किताबों में ही रहता है, मार्किट में कहीं भी माइक्रो न्यूट्रिएंट्स नहीं हैं इसलिए सरकार इनका प्रबंध करे। मैं दो बातें कहना चाहूंगा कि लोग डीलरशिप लेना चाहते हैं। हमारा डीलरशिप नेटवर्क कमजोर है। लोग पैसा लेकर घूम रहे हैं कि हमें डीलरशिप दीजिए, लेकिन डीलरशिप नहीं मिल रही है। ऐसी कम्पनियां भी हैं, जहां कॉपरेटिव सोसायटिज़ से ही डील कर रही हैं, उन्हें भी ओपन मार्किट में आना चाहिए। मैं स्वयं आनंदपुर साहिब से सांसद रहा हूं, जहां नांगल में एन.एफ.एल. फैक्ट्री है। जिन राज्यों में यह फैक्ट्रियाँ हैं, चाहे पंजाब में भटिंडा है या हरियाणा में पानीपत, है। वहां पर ट्रकों के माध्यम से सप्लाई होनी चाहिए हिमाचल प्रदेश में बद्दी, बिलासपुर और पंजाब में नवांशहर डिस्ट्रिक्ट हैं। पहले खाद ट्रेन्स में लोड होती हैं। फैक्टरी वाले पहले ट्रेनों के रैक में उसे लोड करते हैं और वह माल चंडीगढ़ आ जाता है। फिर लोडिंग होती है और अनलोडिंग होती है तथा ट्रांसपोर्टेशन का खर्चा होता है और जो फैक्टरी 20 किलोमीटर की दूरी पर थी वहाँ खाद पहुँचाने के लिए पहले ट्रेन से 50-100 किलोमीटर दूर भेजा जाता है और ट्रक्स में लोड करके दोबारा फैक्ट्री के नजदीक के स्टेशन पर लाया जाता है। अगर जगह दूर है तो ट्रेन में ले जाया जाए और अगर जगह नजदीक है तो ट्रकों के माध्यम से खाद पहुंचाया जाए जिससे करोड़ों का जो नुकसान हुआ है, वह न हो।

उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

***SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK):** After many years we are discussing the Demands for Grants on Chemicals and Fertilizers in this House. This year, the Budget has nearly Rs. 73, 000 crore towards fertilizer subsidies. According to the Expenditure Budget 2015-16, estimates for imported urea, indigenous urea and decontrolled NP/NPK fertilizers stood at Rs. 12,300 crore, Rs. 38,200 crore and Rs. 22,468 crore respectively. While the amount for NP/NPK fertilizers is pegged higher than the 2014-15 in the Revised estimate, which was, Rs. 20,667 crore. It is lower than that fiscal's Budget estimate of Rs. 24.670 crore. Non-urea fertilizer subsidy allocation fell between the two Budget estimates and the Government has merely shifted around Rs. 2000 crore to urea. Even these payments, amounting to nearly Rs. 40,000 crores have not been made since July. Soil health cards will be meaningless if pricing policies are not corrected.

